# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


नवरात्रि से दीपावली तक हर सेक्टर में बरसी लक्ष्मी माता की कृपा

### सबसे ज्यादा बिका सोना और चांदी

प्रदेश में त्योहारी सीजन में सबसे ज्यादा सोना और चांदी बिका। इस बार पिछले साल से दाम भले ज्यादा रहे ,लेकिन धनतेरस से पहले कीमत कम होने के कारण शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हुई। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस के दो दिनों में ही छह हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रदेश भर में हुआ। पूरे सीजन में सात हजार करोड़ का कारोबार हुआ है।



# पहली बार त्योहारी सीजन में बाजार में बरसे 18 हजार करोड़, सराफा में रिकार्ड कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक के त्योहारी सीजन में बाजार में 18 हजार करोड़ का कारोबार हुआ। बीते साल 13 हजार करोड़ का कारोबार हुआ था। इस बार पांच हजार करोड़ का कारोबार ज्यादा हुआ है। सबसे ज्यादा सात हजार करोड़ का सोना और चांदी बिका।

ऑटोमोबाइल सेक्टर में डेढ़ लाख से ज्यादा सवा तीन हजार करोड़ के वाहन बिके। तीन हजार करोड़ का इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर में कारोबार हुआ। कपड़ा मार्केट का शेयर साढ़े तीन हजार रहा। इसके अलावा बर्तन, फर्नीचर, मिठाई, पटाखे और गिफ्ट आइटम को मिलाकर दो हजार का कारोबार हुआ। रियल एस्टेट में मंदी रहने के ⏭शेष पेज 6 पर

खास खबर

### सराफा में मेकिंग चार्ज कम

सराफा में इस बार राजधानी रायपुर में एक नए बड़े कारोबारी के आने के कारण सोने के जेवरों पर मेकिंग चार्ज वार हो गया। नए कारोबारी ने मेकिंग चार्ज तीन फीसदी कर दिया तो कई कारोबारियों को अपना भी बेसिक मेकिंग चार्ज तीन फीसदी करना पड़ा। इसके अलावा डिजाइनों के हिसाब से ज्यादा मेकिंग चार्ज वाले जेवर भी खूब बिके हैं। कारोबारियों का कहना ⏭शेष पेज 6 पर



**18 हजार करोड़ का कारोबार**

प्रदेश में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक सभी सेक्टरों को मिलाकर करीब 18 हजार करोड़ का कारोबार इस बार हुआ है।

अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैट

### मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खरीदारी

इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर भी दीपावली तक गुलजार रहा। एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, लेपटॉप की जमकर खरीदी हुई। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक अब तो गांवों के लोग भी महंगे मोबाइल और महंगे एलईडी लेने लगे हैं। पूरे त्योहारी सीजन में तीन हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

### डेढ़ लाख से ज्यादा वाहन बिके



ऑटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बूम रहा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में एक ही दिन में धनतेरस एक लाख वाहन बिके। इसके बाद के दो दिनों में और 50 हजार वाहन और बिक गए। इसमें सबसे ज्यादा सवा लाख दुपहिया वाहन हैं। इसके लिए पहले से बुकिंग हो गई थी। वहीं दस हजार से ज्यादा कारें भी बिकी। इसी के साथ आटो, ई-रिक्शा, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर, ट्रक, बस, मिनी बसें और अन्य वाहन भी बिके। ऑटोमोबाइल सेक्टर में 33 सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक धनतेरस से दीपावली तक के तीन दिनों में करीब डेढ़ लाख वाहन बिके हैं।

### कपड़ा गुलजार

कपड़ों की नवरात्रि से जमकर खरीदारी प्रारंभ हुई है जो दीपावली के दिन तक चलती रही। प्रदेश भर के ग्राहकों के साथ कारोबारियों ने भी पंडरी कपड़ा बाजार में खरीदारी की। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, प्रदेश के शहरों के साथ ⏭शेष पेज 6 पर

### बर्तन, फर्नीचर, पटाखे और मिठाई भी

*दीपावली का त्योहार मिठाई और पटाखों के बिना फीका रहता है। जहां एक तरफ प्रदेश भर में मिठाई और ड्राई फ्रूट्स को मिलाकर पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है, वहीं पटाखों का कारोबार भी पांच से छह सौ करोड़ के आस-पास हो* ⏭शेष पेज 6 पर

## कांग्रेस नेता पर भाजपा का कड़ा प्रहार, तेज हुई सियासी सरगर्मी

# बस्तर में पीएम के बोल पर घमासान, राहुल के वार पर रिजिजू बोले-अगला टारगेट दिमागी नक्सली

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाने के दौरान दिए गए 'दिमागी नक्सल' वाले बयान पर देश की राजनीति में बड़ा घमासान मच गया है। उनके बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाए तो केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। दोनों ओर से आए बयानों ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिवाली के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे और यहां उन्होंने तैनात सीआरपीएफ के जवानों के साथ दिवाली मनाई। दिवाली के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे के बाद देश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को निशाना साधते हुए उन्हें खुली बहस की चुनौती दी। राहुल ने खुद पर लगाए जा रहे 'राष्ट्रविरोधी' होने और 'विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने' के आरोपों को लेकर प्रधानमंत्री से सार्वजनिक बहस करने की चुनौती दी।

वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए नक्सलवाद के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा। ⏭शेष पेज 6 पर

**केंद्रीय मंत्री बोले- नक्सलवाद खत्म होने के लिए मोदी को धन्यवाद दीजिए**




### जवानों के बीच पीएम मोदी ने कही थी ये बात

बस्तर में दिवाली मनाने के दौरान सुरक्षा बलों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया हो चुका है, लेकिन 'दिमागी नक्सली' अब भी देश के लिए चुनौती बने हुए हैं। हमें एक बात याद रखनी चाहिए। नक्सली खत्म हो गए हैं, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया तो हो गया है, लेकिन 'दिमागी नक्सलियों' ने कई संगठनों पर कब्जा कर लिया है। आज भी वे लोगों को देश के संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ भड़का रहे हैं। ये 'दिमागी नक्सली' कई राजनीतिक दलों और अलग-अलग संगठनों में भी घुसपैठ कर चुके हैं। हमें इनकी पहचान करनी होगी, इन्हें हराना होगा और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

### राहुल बोले- कौन राष्ट्र-विरोधी, इस पर हो खुली बहस

अपनी चुनौती दोहराते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को उनसे इस बात पर बहस करनी चाहिए कि असल में राष्ट्र-विरोधी कौन है और कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरी चुनौती कायम है। वे मुझसे इस बात पर बहस करें कि कौन राष्ट्र-विरोधी है और कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर चल रहा है। कभी भी, कहीं भी। राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके साथ इस मुद्दे पर बहस करते हैं, तो उसके बाद वह किसी भी जवान का सामना नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा, 'मेरी गारंटी है कि बहस के बाद प्रधानमंत्री में किसी एक भी जवान के सामने दोबारा खड़े होने की हिम्मत नहीं होगी।

### नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस ने कभी नहीं दिखाई इच्छाशक्तिः साय



**15को प्रदेशभर में जनजातीय गौरव दिवस**

*मुख्यमंत्री साय ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। तब से पूरे देश में प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री*

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीपावली के अवसर पर बस्तर में वीर जवानों के साथ समय बिताने को छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्ति मिली है। ऐसे में प्रधानमंत्री का दीपावली के पावन अवसर पर हमारे जवानों के बीच पहुंचना पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की समस्त जनता की ओर से प्रधानमंत्री ⏭शेष पेज 6 पर

## बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में किया उल्लेख

# शाह बानो प्रकरण पर सोनिया ने राजीव से जताई थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि शाह बानो प्रकरण पर उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री और अपने पति राजीव गांधी से नाराजगी जताते हुए पूछा था कि वह मुस्लिम महिलाओं के हितों की अनदेखी क्यों होने दे रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि उनके सवाल पर राजीव गांधी ने जवाब दिया था कि वह महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करेंगे और मुस्लिम पर्सनल लॉ को खतरे में डाले बिना इस जटिल मामले का समाधान तलाश रहे हैं। सोनिया गांधी ने अपने संस्मरण बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में उसका विस्तार से उल्लेख किया है। दरअसल 1985 में शाह बानो नाम की एक मुस्लिम महिला ने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उनके पति ने दूसरी शादी करने के बाद उन्हें घर से निकाल दिया था। अदालत ⏭शेष पेज 6 पर



### जन्म के अगले दिन ही दुनिया छोड़ गया था पहला बेटा

सोनिया गांधी ने अपने पहले बच्चे को खोने का गहरा दर्द पहली बार सार्वजनिक रूप से साझा किया है। उन्होंने बताया है कि जनवरी, 1969 में समय से दो महीने पहले जन्मे उनके बेटे की महज एक दिन बाद मौत हो गई थी। नवजात को उनके पति राजीव गांधी और देवर संजय गांधी ने दिल्ली के महरौली स्थित उनके ससुर फिरोज गांधी के फार्महाउस में दफनाया था।

### दो बार दी कैंसर को मात

सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा में दो बार कैंसर से जूझने के अनुभव साझा करते हुए कहा है कि वर्ष 2010 में स्तन कैंसर की आशंका के चलते उनका ऑपरेशन हुआ था और इसके करीब एक साल बाद अल्ट्राशाय में एक गांठ का पता चला था। उनका यह भी कहना है कि दोनों मौकों पर वह बीमारी के संभावित गंभीर नतीजों को लेकर घबरा गई थीं और उनके मन में कई आशंकाएं थीं। सोनिया गांधी ने किताब में लिखा है, 2010 में स्तन कैंसर की आशंका के चलते मुझे ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई थी। सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों पर मुझे पूरा भरोसा था।

### केसरी का पैर छूकर लिया था आशीर्वाद

सीताराम केसरी को कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाए जाने के चर्चित प्रकरण से इतर सोनिया गांधी ने कहा है कि 1998 में वह कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद सीधे केसरी के आवास पहुंची थीं और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया था। सोनिया गांधी ने अपने संस्मरण में इस भावुक मुलाकात का जिक्र करते हुए लिखा है कि केसरी ने उनकी अप्रत्याशित मौजूदगी पर हैरानी जताई, लेकिन नम आंखों से उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। सोनिया ने अपने संस्मरण में लिखा है कि 1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव के नेतृत्व में कांग्रेस की हार के बाद देश में दो बार सरकार बदली।

## खबर संक्षेप

### दवाइयों की अवैध आपूर्ति गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर अवैध रूप से दवाओं की आपूर्ति करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल की 21 हजार से अधिक गोलियां और कैप्सूल बरामद किए गए हैं।

### कच्चा मकान ढहने से तीन की गई जान

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में एक कच्चे मकान के ढह जाने से दो वर्षीय एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा सोमवार की रात करीब 10 बजे जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर कोतवाली थाना क्षेत्र के बरहपान गांव के जलहथनी टोला में हुआ।

### सितार वादक पंडित मणिलाल का निधन

**कोलकाता।** बिष्णुपुर घराने के जाने-माने सितार वादक पंडित मणिलाल नाग का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण कोलकाता में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। पद्मश्री से सम्मानित नाग ने देर रात शहर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नाग के निधन को भारतीय शास्त्रीय संगीत के एक युग का अंत बताया।

# मां से कहा था- मिठाई और गिफ्ट लेकर आ रहा हूं , रात भर करती रही इंतजार, सुबह उठीं चार अर्थियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

दीपावली की रात जिस घर में खुशियों के दीप जलने थे, वहां सुबह चार चिताएं एक साथ सजाई गईं। जिस मां ने अपने बेटे से फोन पर यह सुना था कि 'मां, आपके लिए गिफ्ट और मिठाई लेकर आ रहा हूं, गांव पहुंचकर साथ में दीपावली मनाएंगे।' उसी मां को सुबह अपने बेटे, बहू और दो पोते-पोतियों की अर्थियों को कंधा देने का दर्दनाक मंजर देखना पड़ा। त्योहार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। राजिम के टीला-रांवड़ एनीकट में लक्ष्मी पूजा की रात हुए भीषण हादसे ने न केवल पसौद गांव, बल्कि पूरे राजिम विधानसभा क्षेत्र और गरियाबंद ⏭शेष पेज 6 पर





### भाई को बचाने रात के अंधेरे में नदी में उतर गया नीलकमल

रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच नीलकमल और गोलू ने तत्काल गाड़ी रोकी और भाई को बचाने की उम्मीद में नदी में उतर गए। कार पलटी हुई थी और उसके भीतर चार लोग सवार थे। कार के सभी शीशे बंद थे। रात का घना अंधेरा, नदी का पानी और कार की स्थिति ऐसी थी कि दोनों चाहकर भी उसे सीधा नहीं कर सके। भाई को बचाने की हर कोशिश नाकाम होती देख वे भारी मन से फोन पर गांव के दिनेश साहू, संतराम साहू, भोला पटेल को ⏭शेष पेज 6 पर

# मुकदमों में बरी होने के बाद भी कानूनी लड़ाई क्रूरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर अहम फैसला दिया है। अदालत ने कहा कि सिर्फ केस दर्ज कराना मानसिक क्रूरता नहीं है लेकिन मुकदमों में बरी होने के बाद भी कानूनी लड़ाई जारी रखना क्रूरता है। इससे पति को भारी मानसिक तनाव और उत्पीड़न सहना पड़ता है। मामले में पति और उसके परिवार वाले दहेज प्रताड़ना केस से बरी हो चुके थे। इसके बाद भी पत्नी की तरफ से कानूनी लड़ाई लगातार जारी रखी गई। अदालत ने फैमिली कोर्ट का फैसला बदलते हुए विवाह समाप्त कर दिया।

- अदालत ने फैमिली कोर्ट का फैसला बदलते हुए विवाह समाप्त कर दिया



जांजगीर निवासी विशंभर प्रसाद राठौर की शादी ⏭शेष पेज 6 पर

# स्मृति ईरानी आज आएंगी, धरमजयगढ़ के कार्यक्रम की तैयारियों का करेंगी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनजाति गौरव दिवस पर धरमजयगढ़ में होने वाले कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा संगठन जोरजदार तैयारी कर रहा है। अब तैयारियों का जायजा लेने के लिए भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी बुधवार को आ रही हैं। दिल्ली से रायपुर आकर यहां के हेलीकाप्टर से धरमजयगढ़ जाएंगी।



जनजातीय गौरव दिवस हर साल 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने 2021 से इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य ⏭शेष पेज 6 पर

### धरमजयगढ़ में लेंगी बैठक

प्रदेश भाजपा संगठन प्रदेश के हर जिले में 15 नवंबर को कार्यक्रम कर रहा है। सबसे बड़ा कार्यक्रम धरमजयगढ़ में हो रहा है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की वहां पर जोर-शोर से तैयारी चल रही है। अब तैयारियों को देखने और निर्देश देने के लिए भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी बुधवार को यहां सुबह पहुंच रही है। रायपुर आने के बाद यहां के हेलीकॉप्टर से सुबह 10 बजे धरमजयगढ़ पहुंचेंगी। उनके साथ यहां से प्रदेश ⏭शेष पेज 6 पर

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सरकारी कर्मचारियों को बड़ा झटका

# 48 घंटे जेल में रहे तो नौकरी पर गिरेगी गाज!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया है, जिससे सरकारी कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार किया जाता है। वह लगातार 48 घंटे से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उसे नियमों के अनुसार निलंबित माना जाएगा। इसके लिए विभाग को अलग से निलंबन आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के एक सरकारी अस्पताल के मैनेजर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि रिश्वत के मामले में आरोपी होने और निलंबन के बावजूद उस कर्मचारी को उसी अस्पताल में उसी पद पर दोबारा नियुक्त कर दिया गया था। मामला बिहार के समस्तीपुर स्थित सदर अस्पताल के एक मैनेजर की जमानत याचिका से जुड़ा था।

48 घंटे से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उसे नियमों के अनुसार निलंबित माना जाएगा



### जमानत बहाल होने के बाद दिया बड़ा फैसला

*पटना हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट की जमानत रद्द कर दी और आरोपी को दोबारा जेल भेजने का आदेश दिया। इस आदेश के खिलाफ आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के जमानत रद्द करने वाले आदेश को निरस्त कर दिया, जिससे आरोपी की जमानत बहाल हो गई। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद 48 घंटे से अधिक समय तक अगर कोई सरकारी कर्मचारी न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उसे नियमानुसार स्वतः निलंबित माना जाएगा। इस मामले में आरोपी लगभग 15 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहा था, इसलिए वह इसके दायरे में आता है। बिहार सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि आरोपी को पहले निलंबित किया गया था। हालांकि, बाद में उसका निलंबन रद्द कर दिया गया। इसके बाद उसे उसी सदर अस्पताल में फिर से मैनेजर के पद पर नियुक्त कर दिया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी* ⏭शेष पेज 6 पर

### रिश्वत लेने का था मामला

*मैनेजर पर आरोप था कि उसने एक शिकायतकर्ता की 36,421 रुपये की मजदूरी का भुगतान पास करने के लिए 4,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। मैनेजर के खिलाफ प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद वह लगभग 15 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहा। बाद में सेशन कोर्ट ने उसे जमानत दे दी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सेशन कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को पटना हाईकोर्ट में चुनौती दी।*


मथुरा

## गोवर्धन पूजा पर उमड़ी देशभर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# गिरिराजजी की अर्चना

» मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा करने पहुंचे 40 देशों से 10 हजार विदेशी श्रद्धालु

» अमेरिकी महिला ने बनाया 250 किलो हलवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में गोवर्धन पूजा का उत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा, वृंदावन, बनारस सहित देशभर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मथुरा में मंगलवार को गोवर्धन पूजा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। द्वापरयुग की परंपरा मंगलवार को एक बार फिर गोवर्धन की तलहटी में जीवंत हो उठी। भारतीयों के साथ, भारतीय परिधानों में सजे विदेशी श्रद्धालु सिर पर अन्नकूट प्रसाद की छबरिया रखकर गिरिराजजी की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। यह एक अद्भुत नजारा था, अलग अलग देशों और संस्कृतियों से आए श्रद्धालु भारतीय संस्कृति में रंगे नजर आए।


मथुरा


पटना

### 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा

भक्तों ने लेट-लेटकर गोवर्धन पर्वत की 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा की और गिरिराज जी को 56 भोग अर्पित किए। 40 देशों से 10 हजार से ज्यादा विदेशी श्रद्धालु भी पहुंचे। भजन-कीर्तन के साथ ढोल-नगाड़ों पर नाचते नजर आए।

### वृंदावन में 3 किमी लंबी लाइन

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के बाहर 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। वहीं, इस्कॉन की गोशाला में 2 हजार किलो सूजी के हलवे से गिरिराज जी की आकृति बनाई गई। अमेरिका से आईं गौरा मणि देवी दासी ने 250 किलो हलवा तैयार किया। उन्होंने भजन सुनाते हुए कहा कि यहां आकर मन को सुकून मिलता है।

### यह है मान्यता

मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर 7 दिन तक बजवासियों की रक्षा की थी। उन्होंने इंद्र का मान भंग किया था। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है।

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार रोकने 500 के नोट बंद हों : चंद्रबाबू

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 500 और 2,000 रुपए के नोट बंद कर देने चाहिए। सिर्फ 100 और 200 रुपए के नोट ही चलन में रहने चाहिए। बड़े नोटों का चलन कम करने और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने से भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पहले भी डिजिटल करेंसी को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर पीएम नरेंद्र मोदी को सौंपी थी। अब वे फिर इस मुद्दे को उठाएंगे।



### देश में बेरोजगारी 5.1% पर आई : सरकार

**नई दिल्ली।** मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान भारत की बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत हो गई है। इसका मुख्य कारण ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी में आई कमी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी 'पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे' (पीएलएफएस) के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2026 के 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई है।

## बांग्लादेश में अचानक भड़की हिंसा

# बसें फूंकी, ड्राइवर को जिंदा जलाया थाने, यूनिवर्सिटी के बाहर फटे बम

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार को बम धमाकों और बसों में आगजनी की कई घटनाओं से दहशत फैल गई। राजधानी के अलग-अलग इलाकों में कच्चे बम यानी क्रूड (कॉकटेल) बम फेंके गए, जबकि दो यात्री बसों को आग के हवाले कर दिया गया। इसमें अंदर सो रहे बस ड्राइवर की मौत हो गई। धमाकों की खबरें यूनिवर्सिटी, अदालत और व्यस्त चौराहों के आसपास से भी सामने आईं पुलिस ने कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उपद्रवियों ने फार्मगेट और मीरपुर में दो यात्री बसों को निशाना बनाया। शाम करीब 6:40 बजे फार्मगेट मेट्रो स्टेशन के नीचे लब्बैक परिवहन की बस में आग लगा दी गई। इसके बाद रात करीब 9:30 बजे मीरपुर पोस्ट ऑफिस नंबर 11 के पास बसुमती परिवहन की बस को आग के हवाले कर दिया गया। इन दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।


पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की दिसंबर में वापसी की तैयारी से बढ़ा तनाव

### अंदर सो रहा था बस ड्राइवर, आगजनी में मौत

इस घटना में बस के अंदर सो रहे 60 वर्षीय ड्राइवर मोहम्मद कलाचन शेख की मौत हो गई। वह गोपालगंज जिले के मुक्सुदपुर उपजिला के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक, आग लगने के बाद बस में धुआं भर गया और दम घुटने से ड्राइवर की मौत हो गई। फरीदपुर कोतवाली पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी महमूदुल हसन ने बताया कि ड्राइवर बस के अंदर सो रहे थे, तभी उपद्रवियों ने उसमें आग लगा दी. फरीदपुर फायर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी श्रीबास बरई के मुताबिक, दमकल विभाग को रात करीब 1:45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। जब दमकल की टीम मौके पर पहुंची तो बस आग की लपटों से घिरी हुई थी।

### यूनिवर्सिटी और कोर्ट परिसर में धमाके

शिल्पांचल पुलिस स्टेशन के तहत साउथईस्ट यूनिवर्सिटी के बाहर दो कच्चे बम फटे। वहीं, जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के दूसरे गेट के पास पार्किंग में भी कॉकटेल बम धमाके की खबर आई। इसके बाद यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रेजवान अहमद नाम के एक व्यक्ति को पकड़ लिया। बताया गया कि उसने प्रतिबंधित छात्र लीग से जुड़ा होने का दावा किया था। ढाका की चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सीएमएम) कोर्ट परिसर में भी कथित कॉकटेल बम धमाकों के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### कई इलाकों में धमाके पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

बांग्लादेश कॉलेज, मालीबाग और मोगबाजार चौराहों, आदाबोर के टोक्यो स्क्वायर, जात्राबाड़ी और गेंडारिया में दयागंज ब्रिज के नीचे भी धमाकों की खबरें सामने आईं। बांग्लादेश कॉलेज के पास कई दुकानों में आग लगाए जाने की भी सूचना है। ढाका यूनिवर्सिटी के टीएससी लाके से कच्चे बमों से भरा एक बैग बरामद किया गया।मोगबाजार फ्लाईओवर पर चेकिंग के दौरान हातिरझील पुलिस ने चार लोगों को कच्चे बमों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अब इन घटनाओं के पीछे शामिल लोगों और उनके मकसद का पता लगाने में जुटी है। राजधानी के अलग-अलग इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

# आईसीएसई का शेड्यूल जारी, 10वीं, 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से होंगी शुरू

### आईएससी एग्जाम चलेंगे 9 फरवरी से 8 अप्रैल तक




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2027 की डेटशीट जारी होने के बाद काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स (सीआईएससीई) ने भी बोर्ड एग्जाम 2027 का शेड्यूल जारी कर दिया है। इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई – क्लासX) और इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी – क्लास XII) की परीक्षाएं 15 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। शेड्यूल के मुताबिक, आईसीएसई एग्जाम 15 फरवरी से 31 मार्च तक चलेंगे जबकि आईएससी एग्जाम 9 फरवरी से 8 अप्रैल, 2027 तक होंगे। इस दौरान आईसीएसई एग्जाम 76 सब्जेक्ट के लिए होंगे। वहीं आईएससी एग्जाम कुल 60 सब्जेक्ट के लिए होंगे।

### 3.5 लाख से अधिक स्टूडेंट होंगे शामिल

आईसीएसई और आईएससी बोर्ड एग्जाम 2027 में कुल 379,980 स्टूडेंट शामिल होंगे। आईसीएसई ईयर 2027 एग्जामिनेशन में 3,106 एफिलिएटेड स्कूलों के 2.70 लाख कैंडिडेट शामिल होंगे, जबकि आईएससी एग्जामिनेशन में 1,651 स्कूलों के 1.1 लाख से अधिक कैंडिडेट शामिल होंगे।

### इस बार यह हुआ है बदलाव

यह परीक्षा भारत और विदेशों में 2,835 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसमें आईसीएसई एग्जाम 2,835 सेंटर्स पर और आईएससी एग्जाम के 1,477 सेंटर्स होंगे। बता दें कि इस बार सीआईएससीई ने आईसीएसई कैंडिडेट्स के लिए एग्जाम का समय बदल दिया है। क्वेश्चन पेपर पढ़ने के लिए एक्स्ट्रा 15 मिनट दिए जाएंगे। जो पेपर सुबह 10:15 बजे शुरू होने वाले हैं, उनके लिए पढ़ने का समय सुबह 10 बजे शुरू होगा। कैंडिडेट्स को सुबह 9:45 बजे तक एग्जाम हॉल में बैठ जाना होगा।

## ब्रिटिश लेखक एम जॉन हैरिसन ने जीता बुकर

**लंदन।** ब्रिटिश लेखक एम. जॉन हैरिसन को उनकी व्यंग्यात्मक कृति 'द एंड ऑफ एवरीथिंग' के लिए 2026 के बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें एक भयावह काल्पनिक भविष्य का चित्रण किया गया है। 81 वर्षीय हैरिसन छह दशक लंबे लेखन करियर के बाद यह प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार जीतने वाले सबसे उम्रदराज लेखक बन गए हैं। महज 198 पृष्ठ का 'द एंड ऑफ एवरीथिंग' इस वर्ष पुरस्कार की अंतिम सूची में शामिल सबसे छोटा उपन्यास भी था। यह पुस्तक पाठकों को दुनिया के प्रति 'आशावाद की भावना' से भर देती है।




घटना के वीडियो पर हुआ हंगामा

# वंदे मातरम खत्म होने से पहले ही बैठे मंत्री

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन एक सरकारी कार्यक्रम में वंदे मातरम का पूरा गायन होने से पहले ही मंच पर अपनी सीट पर बैठ गए, जिस पर विवाद हो गया है। यह घटना सोमवार को केरल के उत्तरी जिले कासरगोड में स्थित सरकारी मुल्लेरिया फैमिली हेल्थ सेंटर में एक प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान हुई। समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो में दिखा कि मंत्री के साथ बैठे जिला कलेक्टर, कासरगोड के सांसद राजमोहन उन्नीथन और विधायक के. माहिन भी राष्ट्रगीत का गायन पूरा होने से पहले ही बैठ गए। हालांकि, विधायक के. नीलकंदन और जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के अध्यक्ष पी. के. फैसल पूरे राष्ट्रगीत के गायन तक खड़े रहे।

### 'मैं स्वतंत्रता सेनानी का बेटा हूं'

केरलम के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने विवाद के बाद अपने फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि उन्हें देशभक्ति सिखाने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे खुद एक स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र बेटे हैं।

तुर्किये में बड़ा हादसा, गैस लाइन से टकराई क्रेन

# स्टील फैक्ट्री में धमाका 17 मजदूरों की मौत

एजेंसी ▶▶ अंकारा

तुर्किये के इजमिर शहर के पास सोमवार को एक स्टील फैक्ट्री में धमाका हुआ। इसमें 17 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में काम चल रहा था। रिपोर्टके मुताबिक, बॉयलर ले जा रही एक क्रेन गैस लाइन से टकरा गई। इसके बाद सामान नीचे लगी भट्टी में गिरा और जोरदार विस्फोट हो गया।

### 6 लोगों को किया गया गिरफ्तार

मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि हादसा दोपहर के आसपास हुआ। उस समय क्रेन से एक नया बॉयलर ले जाया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। फैक्ट्री चलाने वाली कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि हादसा प्लांट की एक इलेक्ट्रिक आर्क भट्टी में तय रखरखाव के काम के दौरान हुआ। यह फैक्ट्री हबास डेमिर सेलिक कंपनी की है, जो तुर्किये की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने सोमवार को कैबिनेट बैठक के बाद हादसे में हुई मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और बचाव दल लगातार राहत और बचाव के काम में जुटे हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुजनता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
बुधवार 11 नवंबर 2026
कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 111
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.02
न्यून. 17.70

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






आयुर्वेदिक ताक़त,
दर्द से तुरंत राहत

प्रदिक्षा
आर्थो ऑयल

MRP ₹120/-






साइड इफेक्ट रहित

घुटने का दर्द, साइटिका, गठिया, हड्डियों का दर्द,
मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात,
संधिवात और मोच में तेज असर

PRADIKSHA HERBAL

सुपर स्टॉकिस्ट
• पंकज मेडीकोज, बिलासपूर 6261187686
राजनांदगांव • महेश एजेन्सी 700616262
• ताराचंद चितलांगीया & कं. 9907420754
नथानी एजेंसी, रायपुर 7746032260

सभी प्रमुख मेडीकल्स में उपलब्ध

Customer Care : 1800 120 3133
Trade Enquiry : +91 9112637000, 9823286830, www.pradikshaherbals.com

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में आधार नहीं होने पर भी मिल सकेगा लाभ

# गरीब बेटियों की शादी में अब दस्तावेज बाधा नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ लेने में अब आधार कार्ड की अनुपलब्धता या प्रमाणीकरण में तकनीकी परेशानी बाधा नहीं बनेगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने योजना के हितग्राहियों को राहत देते हुए वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों और आधार प्रमाणीकरण के दूसरे तरीकों से लाभ देने की व्यवस्था की है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, जिन ⏭ शेष पेज 6 पर

### नामांकन पर्ची के साथ वैकल्पिक दस्तावेज से मिलेगा लाभ

सरकार ने स्पष्ट किया है कि आधार नंबर आवंटित होने तक हितग्राही को आधार नामांकन पहचान पर्ची और इनमें से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर योजना का लाभ दिया जा सकेगा। इनमें फोटोयुक्त बैंक अथवा डाकघर पासबुक, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा कार्ड, किसान फोटो पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस तथा राजपत्रित अधिकारी या ⏭ शेष पेज 6 पर



### फिंगरप्रिंट नहीं मिलने पर भी नहीं रुकेगा लाभ

अधिसूचना में आधार प्रमाणीकरण विफल होने की स्थिति के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। यदि हितग्राही के फिंगरप्रिंट की गुणवत्ता खराब होने से प्रमाणीकरण नहीं हो पाता, तो आइरिस स्कैन अथवा फेस ऑथेंटिकेशन का विकल्प अपनाया जाएगा। इनके माध्यम से भी प्रमाणीकरण सफल नहीं होने पर, जहां संभव और स्वीकार्य हो, ओटीपी या टाइम-बेस्ड ⏭ शेष पेज 6 पर

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

## खबर संक्षेप

### कार ने चार दोस्तों को कुचला, तीन की मौत

**कन्नौज।** कन्नौज जिले की इंदरगढ़ इलाके में सोमवार देर रात तेज रफ्तार से जा रही एक कार ने मोटरसाइकिल सवार चार दोस्तों को टक्कर मार दी, जिससे तीन की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।



### लापरवाही बरतने पर 15 अधिकारी निलंबित

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यस्तरीय जन शिकायत निवारण शिविर 'सहयोग शिविर' के दौरान मामलों के निपटारे में कथित लापरवाही बरतने के आरोप में 15 अधिकारियों को निलंबित कर दिया। निलंबित अधिकारियों में विभिन्न जिलों के अंचल अधिकारी (सीओ), प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अभियंता और अन्य सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

### सुतली बम फटने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत

**कोटा।** राजस्थान के बूंदी जिले में उलटे स्टील के गिलास के अंदर सुतली बम जलाने के दौरान हुए विस्फोट में 12 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। विस्फोट इतना तेज था कि स्टील का गिलास छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट गया। ये टुकड़े छर्रों की तरह बच्चे की छाती में धंस गए।



### थाना प्रभारी को हटाया दो के खिलाफ केस

**रांची।** आदिवासी कार्यकर्ता निशा कुमारी भगत की कथित आत्महत्या के मामले में दो लोगों को आरोपी बनाया गया है, जबकि पिठोरिया थाने के प्रभारी सतीश कुमार पांडेय को उनके पद से हटा दिया गया है। भगत ने छह नवंबर को फेसबुक पर सीधे प्रसारण के दौरान हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार और जमीन के दलालों पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

*पराली जलाने वाहनों के धुएं इंडस्ट्री से निकली धूल बढ़ा रहे प्रदूषण*

भारत ही नहीं, पाकिस्तान में भी...नासा ने जारी की सैटेलाइट इमेज

# दीपावली के बाद हवा में घुला जहर नासा की तस्वीर में धुंध-धुएं की चादर

दिवाली के बाद दिल्ली समेत देश के कई शहरों में प्रदूषण तेजी से बढ़ गया है। पटाखों के धुएं और पराली जलाने से हवा इतनी खराब हो गई है कि लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। इस बीच नासा के सैटेलाइट ने दिल्ली समेत उत्तरभारत और पाकिस्तान के ऊपर धुंध और धुएं की मोटी चादर की तस्वीर कैप्चर की है। इस बीच, सोमवार को सुबह 9:54 बजे दर्ज वैश्विक रैंकिंग के अनुसार दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 49 भारत के थे।



**नई दिल्ली।** स्मॉग भारत में चर्चा का विषय बना हुआ है। देश के कई शहरों की हवा प्रदूषित हो चुकी है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हालात ज्यादा खराब हैं। इन सबके बीच नासा ने एक तस्वीर जारी की है। नासा ने यह फोटो अंतरिक्ष से ली है। इस तस्वीर में भारत और पाकिस्तान में धुंध और धुएं की चादर नजर आ रही है। यह दिखाता है कि ⏭ शेष पेज 6 पर

### हिमालयी पर्वत श्रृंखला प्रदूषण से मुक्त

हिमालयी पर्वत श्रृंखला फोटो के उत्तरी हिस्से में अलग दिख रही है। बर्फ से ढके पहाड़ और प्रदूषण भरे मैदानों के बीच का अंतर धुंध की व्यापक भौगोलिक फैलावट को दिखाता है। इस तस्वीर में कई लाल निशान भी नजर आ रहे हैं।



### फरीदकोट में सबसे ज्यादा प्रदूषण

एक्यूआई 1312 पहुंचा बताया जा रहा है कि देश में सबसे खराब हवा पंजाब के फरीदकोट की है। यहां एक्यूआई 1312 दर्ज किया गया है। इसके बाद राजस्थान का श्रीगंगानगर दूसरे नंबर पर है, जहां यह आंकड़ा 1228 है।

### दीवाली के बाद दिल्ली की हवा और बिगड़ी

दिल्ली में 8 नवंबर को दीवाली के बाद वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट दर्ज की गई। 9 नवंबर की सुबह राजधानी का एक्यूआई कथित तौर पर 663 तक पहुंच गया, जो पिछले साल दीवाली के बाद दर्ज स्तर से 69 प्रतिशत अधिक था। इस बीच दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गए हैं। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी को प्रदूषण का कारण बताया है।

## रायपुर-बिलासपुर और बिल्हा निकाय को आज राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रातः 11 बजे पुरस्कार समारोह
- नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा सीईओ सुमीत अग्रवाल होंगे शामिल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में राष्ट्रीय पुरस्कारों में जगह बनाने वाले छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर और बिल्हा को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रातः साढ़े 11 बजे से स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय राज्यमंत्री ⏭ शेष पेज 6 पर

### सामूहिक प्रयास से मिली सफलता



महापौर मीनल चौबे ने स्वच्छता सर्वेक्षण के राष्ट्रीय पुरस्कार में प्रदेश तीन नगरीय निकायों के चयनित होने पर बधाई देते हुए कहा है कि सामूहिक प्रयासों से यह सफलता मिली है। हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रदेश का सबसे बड़ा नगरीय निकाय स्वच्छता के मामले में उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा गया है। इस सफलता के लिए स्वच्छता कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत निकाय के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत को श्रेय जाता है।

हाथी के हमलों से ग्रामीणों में दहशत

## दिवाली की रात दो परिवारों के बुझ गए चिराग, 3 दिन में 3 मौतें



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/सोनगरा

खास खबर

सूरजपुर जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही और हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। लगातार सामने आ रही जनहानि की घटनाओं ने वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। दीपावली जैसे खुशियों के पर्व की रात भी जिले के दो परिवारों के लिए जिंदगी का सबसे भयावह दिन बन गई। दीपावली की रात दो अलग-अलग वन परिक्षेत्रों में ⏭ शेष पेज 6 पर

### कुसुवामुड़ा के पास मिला नर हाथी का शव

**अंबिकापुर।** उदयपुर वन परिक्षेत्र के कुसुवा मुड़ा के पास एक नर हाथी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। हाथी की मौत अवैध रूप से बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से हुई है। बताया जा रहा है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व कर्म कट्टूरा के जंगल में 14 हाथियों का दल पहुंचा था। इनमें से 12 हाथी चकेरी के जंगलों की ओर चले थे। जबकि दो हाथी पिछले एक सप्ताह से गायब थे। वहीं आज कुसुवा मुड़ा के पास एक नर हाथी का शव बरामद किया गया।

### एक माह बाद दूसरी मादा हाथी की मौत

**डांड़गांव।** सरगुजा जिले के वन परीक्षेत्र उदयपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मण गढ़ के आश्रित ग्राम सुखरी भंडार के गौठान के कुछ ही दूर कुसुवा मुंडा जंगल में लगभग 8 वर्षीय मादा हाथी के मृत पाए जाने से वन विभाग सहित पूरे विकास खंड में हड़कंप मच गया है। 1 अक्टूबर को अलका पूरी जंगल में एक छोटा हाथी का सावक करेंट लगाने से मृत पाया गया था। आज एक माह बाद मादा हाथी के मृत होने की जानकारी मिली है। डांड़ गांव वन क्षेत्र से अभी कुछ दिनों से 17 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा था। आज ये हाथियों का दल तेंदू टिकरा चकेरी जंगल में घूम रहे हैं।

पवन और अन्ना कोनिडेला हुए अलग

## आंध्र के डिप्टी सीएम ने तीसरी पत्नी से भी ले लिया तलाक

एजेंसी ⏭ अमरावती

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और उनकी पत्नी अन्ना कोनिडेला ने अलग होने का फैसला किया है। दोनों ने कहा कि वे एक-दूसरे के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखेंगे और अपने बच्चों की परवरिश तथा उनकी भलाई को मिलकर प्राथमिकता देंगे। दंपति ने सोमवार देर रात जारी एक संयुक्त बयान में कहा, अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा साथ बिताने के बाद, हमने आपसी समझ और सम्मान के साथ अलग होने का फैसला किया है। भले ही हमारा वैवाहिक रिश्ता खत्म हो रहा है लेकिन हम दोस्त बने रहेंगे।



## बीच सड़क नाइजीरियन युवक-युवती का हंगामा, कार में कर दी तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में लक्ष्मीपूजा के दिन नाइजीरियन युवक-युवती और स्थानीय लोगों के बीच हुआ विवाद का मामला थाने पहुंच गया है। इस मामले में पुलिस ने ड्राइवर अनिल यादव की शिकायत पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि स्कूटी से कार को टक्कर मारने के बाद युवक-युवती ने अंग्रेजी में गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान युवती ने अपना आर्टिफिशियल हाथ निकालकर कार के बोनट पर मारा, जबकि युवक ने ⏭ शेष पेज 6 पर



*स्कूटी सवार विदेशी युवक-युवती ने कार से टकराने के बाद उसके चालक एवं सवार लोगों से किया विवाद*

### डांस को लेकर शुरू हुआ था विवाद

बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत एक नाइट पार्टी से हुई थी। पार्टी में युवक के भारतीय लड़कियों के साथ डांस करने को लेकर युवक और युवती के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों कटोरा तालाब इलाके में पहुंचे, जहां उनकी स्कूटी की स्थानीय सराफा कारोबारी के परिवार की कार से टक्कर हो गई। इसके बाद सड़क पर विवाद बढ़ गया।

### आर्टिफिशियल हाथ से बोनट पर किया वार

ड्राइवर अनिल यादव के अनुसार, युवती का बायां हाथ आर्टिफिशियल है। विवाद के दौरान उसने अपना कृत्रिम हाथ निकालकर कार के बोनट पर दे मारा, वहीं युवक ने कार के दरवाजे और शीशे पर मुक्के मारे। आरोप है कि युवक ने कार का पिछला वाइपर भी तोड़ दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को समझाइश देने का भी प्रयास किया। इस विवाद के कारण इस मार्ग पर करीब घंटे भर जाम की स्थिति भी बनी रही।

5 राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले ईसी का फरमान

## रिटायर अफसरों को चुनाव प्रचार से रहना होगा दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा निर्देश जारी किया है। इसके तहत, सरकारी विभागों में काम करने वाले रिटायर अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी आदर्श आचार संहिता के नियम लागू होंगे। अब राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों की ओर से अलग-अलग पदों पर नियुक्त या दोबारा काम पर रखे गए रिटायर सरकारी अधिकारी चुनाव के दौरान किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार नहीं कर सकेंगे। उन्हें भी सेवारत सरकारी कर्मचारियों की तरह राजनीतिक रूप से निष्पक्ष रहना होगा। आयोग ने साफ किया कि ऐसे लोग किसी चुनावी अभियान में हिस्सा नहीं ले सकते और न ही किसी उम्मीदवार के लिए वोट मांग सकते हैं। चुनाव आयोग ने यह निर्देश गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजा है।




### लापरवाही बरतने पर क्या होगा

चुनाव आयोग ने एक और अहम पाबंदी लगाई है। इसके तहत सरकार की ओर से नियुक्त रिटायर अधिकारी चुनाव की घोषणा वाले क्षेत्र या जिले के किसी चुनाव अधिकारी को सरकारी चर्चा या बैठक के लिए नहीं बुला सकेंगे। वे ऐसे अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या किसी अन्य माध्यम से बैठक भी नहीं कर सकेंगे। आयोग ने कहा कि उसके निर्देशों का उल्लंघन करने या इनका पालन करने में लापरवाही बरतने के मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा। मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश की जानकारी सभी संबंधित विभागों और लोगों तक पहुंचाएं। इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

### किन लोगों पर लागू होंगी नई पाबंदियां

आयोग ने यह भी साफ किया कि आदर्श आचार संहिता के नियम सिर्फ सरकारी विभागों तक सीमित नहीं हैं। ये उन सभी संगठनों, समितियों, निगमों और आयोगों पर भी लागू होते हैं, जिन्हें सरकार से पूरी तरह या आंशिक रूप से पैसा मिलता है। इनमें काम करने वाले कर्मचारियों को भी इन नियमों का पालन करना होगा। राज्यों के सरकारी सेवा नियमों में पहले से ही सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक गतिविधियों और चुनाव में हिस्सा लेने पर रोक है। हालांकि, रिटायर अधिकारियों और दोबारा नियुक्त किए गए लोगों के राजनीतिक आचरण को लेकर अलग से स्पष्ट नियम नहीं थे।

चिंतन

# रोजगार के मौके और महिलाओं की भागीदारी बढ़ना शुभ संकेत

देश में बेरोजगारी दर का पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत पर आना राहत देने वाला है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्रमबल में भागीदारी और वास्तव में काम कर रहे लोगों का अनुपात भी बढ़ा है। खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव की ओर शुभ संकेत करती है। जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई है। इसका अर्थ है कि काम करने या रोजगार तलाशने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कामगार-जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 52.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताता है कि कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में वास्तव में रोजगार पाने वालों का अनुपात बढ़ा है। यानी सुधार केवल नौकरी तलाशने वालों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक लोग काम से भी जुड़ रहे हैं। इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पक्ष महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि है। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 33.2 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं का रोजगार से जुड़ना केवल परिवार की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलता है, क्योंकि अधिक आबादी की कार्यक्षमता का उपयोग संभव होता है। ग्रामीण भारत ने इस तिमाही में रोजगार के मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरों में यह 6.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों की तेजी और स्वरोजगार में वृद्धि ने श्रम बाजार को सहारा दिया। कृषि क्षेत्र में कामगारों की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत और स्वरोजगार का अनुपात 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में 15 वर्ष से अधिक आयु के औसतन 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। हालांकि, इन सकारात्मक आंकड़ों के साथ कुछ चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीण रोजगार में कृषि और स्वरोजगार की बढ़ती हिस्सेदारी को स्थायी तथा बेहतर आय वाले रोजगार में बदलना होगा। कृषि पर मौसमी निर्भरता कम करने के लिए ग्रामीण उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि बताती है कि नियमित और वेतनभोगी नौकरियों के अवसर बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। रोजगार के इन आंकड़ों को अर्थव्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली लक्ष्य ऐसे रोजगार पैदा करना है जो नियमित हों, सम्मानजनक आय दें और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हों। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसरों के माध्यम से और गति देनी होगी। रोजगार के अवसरों का विस्तार और महिलाओं की आर्थिक सक्रियता साथ-साथ बढ़ेगी, तभी विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।

मंथन

डॉ. मोनिका शर्मा



# आपराधिक आंकड़े बढ़ाता है क्षणिक आक्रोश

तकनीकी विकास और जीवनशैली के मोर्चे पर बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में मानवीय व्यवहार में उपजा बेवजह का आक्रोश आपराधिक आंकड़े रहा है। सहज सी बातों को लेकर हो रहे विवाद जान लेने तक जा पहुंच जाते हैं। विवेक और आत्म-नियंत्रण को खो देने के परिणामस्वरूप मन-मस्तिष्क का यह अंधकार और विस्तार ही पा रहा है। हाल में हरियाणा के फरीदाबाद में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैवाहिक समारोह में शामिल होने भारत आए परमजीत की मात्र पार्किंग की जगह और वहां कुत्ते को शौच कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी के कारण जान ले ली गई। इन्हीं दिनों अहमदाबाद में सब्जी को लेकर हुए मामूली विवाद में पत्नी ने अपने सेवानिवृत्त फौजी पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं कानपुर में भी क्षणिक आक्रोश के कारण हुई एक दर्दनाक घटना में पानी मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर लकड़ी का पटरा मारकर उसकी हत्या कर दी। क्षणिक आक्रोश यानी पल भर का क्रोध समाज और परिवार में गंभीर अपराधों का अहम कारण बन गया है। पल भर के गुस्से में लोग दूसरों का जीवन छीनने से नहीं चूक रहे।

इतना ही नहीं, क्षणिक आवेश में स्वयं अपनी जान लेने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। कभी पालतू जानवरों को लेकर कहासुनी तो कभी बच्चों से जुड़े मामलों पर बहसबाजी। कहीं पड़ोसियों में घर की बाड़ या दीवार को लेकर विवाद तो कहीं एक ही घर के करीबी संबंधियों में तकरार। कहीं सड़क पर गाड़ी का छू जाना या आगे निकल जाना तो कहीं दुकान पर लेन-देन को लेकर कहासुनी होना। आम सी बात पर शुरू हुई नोकझोंक के कारण आया क्रोध लोगों को जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाला साबित हो रहा है। साथ ही मन-मस्तिष्क की क्षणिक दिशाहीनता किसी अन्य का जीवन समाप्त करने की वजह तो बनती ही है। विडम्बना ही है कि मामूली विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं। जिसके चलते छोटी सी बात बड़े अपराध के रूप में सामने आती है। चिंतनीय है कि क्षणिक रोष और असंतोष का यह मेल महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक आपराधिक घटनाओं के आंकड़े बढ़ा रहा है। शिक्षित और अशिक्षित हर वर्ग, हर उम्र के लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और कई सामाजिक अध्ययनों के साझे आंकड़े बताते हैं कि बहुत से मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास और गंभीर मारपीट की घटनाएं किसी पुरानी दुश्मनी के कारण नहीं, बल्कि मामूली सी बात पर उपजे आक्रोश के कारण होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2022 में हत्या के सबसे अधिक मामलों का कारण मामूली विवाद था। पुलिस रिकॉर्ड भी बताते हैं कि कई घटनाओं के पीछे कोई सुनियोजित साजिश नहीं होती। बड़ी संख्या में हत्याओं का कारण उस पल में उपजा गुस्सा ही होता है। ध्यातव्य है कि कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रोड रेज़ की घटनाओं के कोई आंकड़े ही नहीं रखता था। पहली बार साल 2016 में इस श्रेणी में आने वाले आंकड़े जुटाए गए। या यूं कहें कि जुटाने पड़े क्योंकि गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक ऐसी घटनाएं होने लगीं। अब तो तात्कालिक गुस्से के कारण सड़क से लेकर सामाजिक-पारिवारिक समारोहों तक, आए दिन ऐसे दर्दनाक मामले देखने में आ रहे हैं।वस्तुतः, यह क्षणिक दिशाहीनता समग्र समाज के लिए चिंता का विषय है। वैचारिक मतभेद के प्रति असहिष्णु होने, अहंकारी सोच और सोशल मीडिया के कारण वर्चुअल छवि को देखने-जीने के आदी होते लोग मामूली कहासुनी के कारण अपराध कर रहे हैं। हालांकि बाद में पछतावा ही हाथ आता है। अहमदाबाद के मामले में घटना के बाद पत्नी ने स्वयं अपने देवर को बताया कि झगड़े के दौरान उसने अपने पति के सीने में चाकू मार दिया है। साथ ही वह बेहोश हुए पति को इलाज के लिए अस्पताल भी ले जा रही है। समझना कठिन नहीं, आवेग का ज्वार उतरते ही हर इंसान को अपनी भूल समझ आती है पर कई घटनाओं में भूल सुधारने का कोई रास्ता नहीं बचता। निस्संदेह, छोटी सी बात को लेकर हत्या और बर्बरता से मारपीट करने के दिल दहलाने वाले आपराधिक आंकड़े बदलते मानवीय व्यवहार को लेकर कई प्रश्न उठाते हैं। बात परिस्थिति की हो या कोई विशेष कारण। हर जगह अपनी बात कहने-मनवाने के व्यवहार का जड़ें जमाना वाकई दुःखद है। ऐसे में संयम, सहज बर्ताव और सधा संवाद ही ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा सकता है।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# केवल दिवाली प्रदूषण का कारण नहीं



मुद्दा

ओमकार चौधरी

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। सामान्य दिनों में ऊंचाई के साथ हवा ठंडी होती जाती है और ज़मीन की गर्म हवा धुएं को लेकर ऊपर उठ जाती है।

सर्दी की रातों में ज़मीन तेज़ी से ठंडी होती है और ठंडी हवा की परत के ऊपर गर्म हवा की परत आ जाती है। इसे तापमान व्युत्क्रमण कहते हैं। यह गर्म परत ढक्कन की तरह प्रदूषकों को ऊपर नहीं जाने देती। इसी के साथ वह ऊंचाई घट जाती है, जहां तक प्रदूषक फैल सकते हैं। गर्मियों में यह दो से चार किलोमीटर होती है, सर्दियों में कुछ सौ मीटर रह जाती है। उतना ही धुआं बहुत कम हवा में सिमट जाता है। हवा की गति भी धीमी रहती है और मानसून के बाद बारिश नहीं होती, इसलिए कण न बहकर निकलते हैं, न धुलते हैं। नमी और कोहरे में गैसें रासायनिक क्रिया से सल्फेट और नाइट्रेट के महीन कणों में बदलती हैं और स्मॉग बनता है। भूगोल इस संकट को और गहरा करता है। सिंधु-गंगा का मैदान चारों ओर ज़मीन से घिरा है, उत्तर में हिमालय हवा का रास्ता रोकता है और दिल्ली तक समुद्री हवा नहीं पहुंचती। पटाखे प्रदूषण के कई स्रोतों में से एक हैं और उनका असर दिवाली के आसपास के कुछ दिनों तक रहता है। बाक़ी स्रोत पूरे मौसम, बल्कि पूरे साल सक्रिय रहते हैं। इनमें सबसे पहले वाहन हैं, जिनसे पेट्रोल-डीज़ल का धुआं और टायर-ब्रेक के घिसने से बने कण निकलते हैं। उद्योग, ताप बिजली घर और ईंट भट्ठे कोयला और अन्य ईंधन जलाकर गैसें और कण छोड़ते हैं। अक्टूबर-नवंबर में उत्तर-पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा की पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर तक लाती हैं, हालाँकि इसका हिस्सा चरम दिनों में ऊंचा और पूरे मौसम के औसत में कम रहता है। सड़कों और निर्माण कार्य की धूल, ठंड में तापने के लिए जलती लकड़ी, उपले और कोयला, खुले में जलता कचरा और लैंडफिल की आग इस सूची को पूरा करते हैं। अध्ययनों में हर स्रोत के हिस्से के आंकड़े अलग-अलग हैं। फिर भी वे एक बात पर सहमत हैं: दिल्ली के प्रदूषण का बड़ा हिस्सा शहर की सीमा के बाहर से आता है। प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मार्च 2026 के विश्लेषण में निगरानी वाले 238 शहरों में से 204 में पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर मिला। सबसे ऊपर गाजियाबाद रहा, जहां स्तर लगभग 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। उसके बाद नोएडा (166) और दिल्ली (163) रहे, जबकि दैनिक मानक 60 है। सबसे अधिक प्रभावित पट्टी पंजाब से पश्चिम बंगाल तक फैला सिंधु-गंगा का मैदान है। लुधियाना, रोहतक, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, पटना और कोलकाता सब इसी में आते हैं। इसके बाहर राजस्थान का भिवाड़ी, असम-मेघालय सीमा का बर्नीहाट और



सिंगरौली, कोरबा, धनबाद जैसे खनन और बिजलीघर वाले इलाक़े भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं। दक्षिण और तटीय भारत की स्थिति बेहतर है। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा। कर्नाटक का चामराजनगर लगभग 19 माइक्रोग्राम के साथ सबसे स्वच्छ शहरों में गिना गया। सेहत के लिए सबसे बड़ा ख़तरा पीएम 2.5 के महीन कण हैं, जो फेफड़ों की गहराई तक और वहाँ से ख़ून में पहुंच जाते हैं। शरीर इन्हें बाहरी हमला मानकर सूजन पैदा करता है और लंबे समय तक बनी यही सूजन बीमारियों की जड़ बनती है। तुरंत असर आंखों की जलन, खांसी, सांस फूलने और दमे के दौरों के रूप में दिखता है। लंबे समय में यह फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक और डायबिटीज़ का जोखिम बढ़ाता है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और दिन भर सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। आंकड़े इस बोझ का आकार बताते हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 के अनुसार 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। 2021 में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। लैंसेट काउंटडाउन ने 2022 में असमय मौतों की आर्थिक क़ीमत 339.4 अरब डॉलर आंकी, जो GDP का 9.5 प्रतिशत है। शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण औसत भारतीय की उम्र 3.5 साल घटा रहा है। दिल्ली में यह कमी 8.2 साल, बिहार में 5.6, हरियाणा में 5.3 और उत्तर प्रदेश में 5 साल आंकी गई है। तुलना के लिए, इसी रिपोर्ट में कुपोषण से 1.6 साल और तंबाकू से 1.5 साल की कमी बताई गई है। दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है। आईक्यूएयर की 2025 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले, बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर रहा। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद का लोनी रहा, जहां पीएम2.5 का सालाना औसत 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के केवल 14 प्रतिशत शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक पर खरे उतरे। चीन इस बात का उदाहरण है कि हालात बदले जा सकते हैं। बीजिंग में पीएम 2.5 का सालाना औसत 2013 में 89.5 माइक्रोग्राम था। चीन के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में यह 27 रह गया, यानी लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट। भारत के मानक डब्ल्यूएचओ से काफ़ी ढीले हैं। पीएम 2.5 की सालाना सीमा भारत में 40 माइक्रोग्राम है और डब्ल्यूएचओ की पांच। 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे इलाक़ों में रहते हैं, जहां हवा भारत के अपने मानक से भी ख़राब है। 2019 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 131 शहर शामिल हैं।

आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार इसका 64 प्रतिशत पैसा सड़क की धूल घटाने पर ख़र्च हुआ, जबकि उद्योग और वाहनों के उत्सर्जन पर एक से 13 प्रतिशत तक। दिल्ली-एनसीआर में हवा बिगड़ने पर ग्रैप के तहत निर्माण रोकने, ट्रकों का प्रवेश बंद करने और स्कूल ऑनलाइन करने जैसी पाबंदियां लगती हैं। ये आपात उपाय हैं और स्रोतों को नहीं घटाते। तात्कालिक प्रयोगों के नतीजे भी सीमित रहे हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के परीक्षणों से उल्लेखनीय बारिश नहीं हुई। ऑड-ईवन का असर अध्ययनों में सीमित और अस्थायी पाया गया। उत्तर भारत में पीएम 2.5 का सालाना औसत मानक से ऊपर रहता है और गांवों में चूल्हे का धुआं घर के भीतर की हवा बिगाड़ता है। बचाव के लिए ठीक से फ़िट किया गया एन95 मास्क और बंद कमरे में एचइपीए फ़िल्टर वाला प्यूरीफ़ायर कारगर हैं, पर ये इलाज नहीं, सिर्फ़ ढाल हैं। आंकड़े साफ़ हैं। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित

दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान का ज्ञान मानव हित के लिए प्रयोग हो

10 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात शांति और विकास के कामों में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इनसान की जिंदगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नई तकनीक का प्रयोग उचित तरीके से किया जाए तो वो वरदान है, अन्यथा वो अभिशाप बनेगी। - *महेश साहू, सरायपाली*

## ट्रेंड

### मुफ्त एलपीजी सिलेंडर



दिल्ली की मेरी लाखों माताओं और बहनों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार मिलने पर हार्दिक बधाई। आज 15 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक परिवारों के बैंक खातों में सीधे 142 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई, ताकि उन्हें मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मिल सके।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण के मामले में 'विश्वगुरु' क्यों बनते जा रहे हैं? अधूरे उपाय, दिखावे के काम, झूठे वादे और एक-दूसरे पर आरोप लगाना - यही तो भाजपा की पहचान बन गई है! पीएम मोदी ने इसे एक "बड़ी चुनौती" बताया था, लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है!

- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### जनता का समर्थन



आज, जब भारत दुनिया के मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और तमाम बाधाओं व तूफानों को पीछे छोड़ रहा है, तो कांग्रेस पार्टी जिसने जनता का समर्थन खो दिया है, इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है

- **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, बीजेपी

### हालात बदतर



यह दुखद और निंदनीय है कि केंद्र और दिल्ली सरकार उस प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है, जो दिल्ली का दम घोंट रहा है। हालात हमेशा से खराब थे। एक दशक में ये और भी बदतर हो गए हैं।

- **पी. चिदंबरम,** सांसद, राज्यसभा

## करंट अफेयर

# रूस के अखबार ने तीन दशक बाद मॉस्को कार्यालय किया बंद




रूस के सबसे चर्चित स्वतंत्र समाचार पत्रों में शामिल 'नोवाया गजेटा' ने सरकारी अधिकारियों के लगातार दबाव का हवाला देते हुए सोमवार को मॉस्को स्थित अपना कार्यालय बंद कर दिया। यह रूस में क्रेमलिन की आलोचना करने वाला आखिरी सक्रिय प्रमुख स्वतंत्र मीडिया संस्थान था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन में सैनिक भेजे जाने के बाद अन्य स्वतंत्र मीडिया संस्थान या तो बंद हो गए थे या अपना कामकाज विदेशों से करने लगे। अखबार ने 30 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा कि रूस के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने उसके संपादकीय दल को कामकाज बंद करने के लिए मजबूर किया है। 'नोवाया गजेटा' ने कहा, 'इस देश में मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया है और अब उनका बचाव करने को अपराध माना जाता है। चुनाव और निर्वाचित संस्थाओं को प्रभावी रूप से खत्म कर दिया गया है, नागरिक संस्थानों का सफाया हो चुका है और अंतरात्मा की स्वतंत्रता तथा मानवीय गरिमा को पैरों तले कुचल दिया गया है। 'नोवाया गजेटा' 1993 में शुरू हुआ था और जल्द ही अपनी पत्रकारिता और रूस में मानवाधिकारों के उल्लंघन व भ्रष्टाचार को उजागर करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने लगा।

## ऑफ बीट

# कैंसर की शुरूआती पहचान 'गैलरी' जांच से संभव



गैलेरी जांच शुरुआती अवस्था में एक साथ कई प्रकार के कैंसर का पता लगाने वाली जांचों की एक नयी श्रेणी में शामिल है। ये जांचें कैंसर का निश्चित निदान नहीं करतीं। यदि जांच में कैंसर होने का संकेत मिलता है, तो इसकी पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जरूरी होती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति को वास्तव में कैंसर है या नहीं और यदि है, तो वह किस प्रकार का है। इसे बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए की जाने वाली जांच के रूप में पेश किया जाता है। इसकी तुलना स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी या प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए जांच से की जा सकती है। गैलेरी का संभावित लाभ यह है कि इससे एक ही बार में कई तरह के कैंसर का पता लगाने की कोशिश की जाती है। गैलेरी जांच खून में मौजूद डीएनए के उन छोटे-छोटे अंशों की तलाश करती है, जिनका संबंध कैंसर से होता है। जब किसी व्यक्ति के डीएनए में गड़बड़ी आती है, तो इसकी वजह वंशानुगत उत्परिवर्तन या पर्यावरण से जुड़ा कोई कारक हो सकता है। ऐसी गड़बड़ी से कोशिकाओं के विभाजन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप कोशिकाओं का अनियंत्रित विभाजन शुरू हो सकता है और कैंसर कोशिकाएं पनपने लगती हैं।

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है बिहार के **श्रवण पासवान** की **मधुबनी कला.**
Hero
हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...
भाई दूज की शुभकामनाएँ
Splendor+
XTEC 2.0
HF-Deluxe Pro
हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर* जीतने का मौका पाएं.
ऑफर का अंतिम दिन
सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@
कैश डिस्काउंट ₹2 500~ तक
इंस्टेंट कैशबैक ₹10 000^ तक
SBI card
HDFC BANK
pine labs
कम डाउन पेमेंट ₹6 999^ से शुरू
कॉर्पोरेट ऑफर ₹2 200~ तक
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY
*Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on:
Flipkart amazon.in
T&C Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, **एसोशिएट डीलर:** रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, पिंपरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़ला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, भुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बारबहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केसकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, करतगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, मुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, पिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुकद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरपिनार- कांकेर: अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूर: रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुहकुदुर: दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा: आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुर: दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोली: शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी: अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ा: साई मोटर्स, 9754329434, राजिम: राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांव: जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवा: श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर: माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, भारामा: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुडिहारी: श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा: प्रेम ऑटो, 8770027422, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉप:** रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

Cheil 33547/26



# सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

**मुंबई।** सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना वर्षों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।

## लाइफ Style

# अनीत

## अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की मां डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।



## हॉलीवुड मसाला



### जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का

# स्क्रीन टेस्ट

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस हॉल्ट), जैक लोडेन, जोश ऑ कॉर्नर और कैलम टर्नर का नाम शामिल हैं। निर्माताओं की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इन्हीं पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पसंद करने वाले कई इंडियन फैंस का ये भी मानना है कि जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे ऋतिक रोशन को भी एमआई6 एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।



# विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति...

**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और सुनहरे रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और सुनहरे धागों की कढ़ाई की गई थी।



# सोनू के बेटे निवान ने किया म्यूजिक डेब्यू

**मुंबई।** सोनू निगम के बेटे निवान भी अब म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने की तैयारी में जुट गए हैं और ये गुड न्यूज खुद सोनू निगम ने शेयर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके 19 साल के बेटे ने 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक डेब्यू किया है। दिवाली पर सोनू निगम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। सोनू निगम ने अपने हालिया पोस्ट में बताया है कि उनके 19 साल के बेटे निवान ने उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक की दुनिया में कदम रख दिए हैं। इस फिल्म में निवान ने म्यूजिक दिया है, जिसे लेकर सिंगर बेहद खुश हैं। सोनू निगम ने अपनी पत्नी मधुरिमा निगम के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए ये खुशखबरी शेयर की और निवान में पिछले कुछ सालों में आए बदलावों के बारे में भी बताया।



# वर्ल्डवाइड 5 दिन में कमाए 663.90 करोड़ ...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की 'रामायणः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रिलीज के पांच दिनों के भीतर ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 663.90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दिवाली के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इसने किसी भारतीय फिल्म द्वारा पहले सोमवार को की गई सबसे बड़ी कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया है और रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सोमवार की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया है। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई सोमवार को कम होने के बजाय और बढ़ गई है। 'रामायण' ने सिनेमाघरों में अपने पांचवें दिन 23,911 शोज के जरिए 107.50 करोड़ रुपए (नेट) की कमाई की।

## टीवी मसाला



# कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9', जहां दोनों अगले एपिसोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ खुलकर अपने दिल की बात रखी है। सबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने किस गाने में डांस किया था। वो बताती हैं कि शाहिद ने सोचा कि तुम्हे कंपनी देंगे और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। रोल प्ले को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका ग्रेसफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी यादें ताजा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और दर्शक इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और यंग डीएसए के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उदिति रोबोट चेयर पर बैठी थीं। टीम-ए का मकसद उदिति को रुलाना था। उदिति को इमोशनल करने के लिए स्काउट ने उनकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान गुल्लू और यंग लगातार स्काउट के परफॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे।. स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन यंग ने कमेंट करना बंद नहीं किया।



# भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

*नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को भारतीय सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए पर्दे पर उतारा है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर याद किया जाता है।*

### 1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उससे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हेमलता हैं। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जैसी समानता महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी गायिकी को लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



**रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल** : इस सदाबहार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल गीत को एक अलग पहचान देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को याद दिलाता है।

### लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' की खासियत सिर्फ इसके बोल या गायिकी तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक भी देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और शब्द त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक गीत भी माना जाता है।

# कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो

**नई दिल्ली।** सोनी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक नया ही अवतार फ्लॉन्ट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। आलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं श्रद्धा कपूर ने बटरी येलो अनारकली सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। करीना कपूर खान पिछली रात कपूर खानदान की दिवाली पार्टी में शामिल हुईं, जहां पूरा परिवार साथ-साथ मौजूद था। इस दिवाली पार्टी के लिए करीना ने साड़ी, लहंगा या सूट नहीं, कफ्तान पहना था और अपने लुक को उन्होंने पगड़ी से कम्प्लीट किया, लेकिन सबकी नजरें पगड़ी पर लगे कलगी पर टिक गईं। करीना कपूर अपने परिवार के दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद खास अंदाज में पहुंचीं। उनका ये फेस्टिव लुक रिया कपूर ने तैयार किया था। करीना ने ट्रेडिशनल आउटफिट की जगह कुछ अलग चुना और पुनीत बलाना का बेज कलर का कफ्तान पहना, जिस पर चांदी के धागों से बेहद खूबसूरत जाल नुमा कढ़ाई की गई थी। करीना ने इसके साथ मैचिंग पगड़ी पहनी थी, जिस पर चमचमाती कलगी लगी थी। 'डाइट सब्या' के अनुसार, पटौदी खानदान में इस कलगी का बेहद खास महत्व है, ये सीधे तौर पर सैफ अली खान के परिवार की विरासत से जुड़ी है। अभिनेता ने ये कलगी अपनी शादी में भी पहनी थी। करीना ने अपने लुक को गोल्ड चोकर, पन्ने वाले पेंडेंड नेकलेस और स्टेटमेंट जूलरी के साथ पूरा किया। जैसे ही करीना कपूर खान ने अपना ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया।



### मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

# ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

***नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।***

### पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिती राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

### बांद्रा

एक उभरता हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकी (तमन्ना भाटिया) की संदिग्ध मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि वह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर प्रोड्यूसर के चंगुल से बचकर केरल भाग गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।




### इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के छह साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक थेरेपी रूम में आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

### द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टोरिकल ड्रामा द इंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

**जेलर 2** : रजनीकांत की जेलर 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कहानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को तब बाहर आना पड़ता है, जब मूर्तियों की तस्करी करने वाला एक बेरहम गिरोह उसके पीछे पड़ जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए, वह इस गिरोह के कामकाज को निशाना बनाता है और गोवा के ताकतवर 'कल्पक' क्राइम परिवार का सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एरेगियन के पतन के पांच साल बाद, मिडिल-अर्थ युद्ध की चपेट में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। खजाद-डूम, लिंडन और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स की सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ गढ़ों में से हैं जो डार्क लॉर्ड और उसकी पूरी तरह से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 नवंबर को रिलीज होगा।

### ब्लाइंड गेम

जब एक दोस्त की नाकाम डकैती और एक आत्महत्या कई परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। मनाली में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो गायब हुए खजाने का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जी5 पर 11 नवंबर को रिलीज होगी।

बिहार सरकार

# बिहार है तैयार

प्रकृति और गौ-माता के प्रति
प्रेम के प्रतीक

## गोवर्धन पूजा

कर्म, न्याय और लेखनी के आराध्य

## चित्रगुप्त पूजा

तथा

भाई-बहन के अटूट प्रेम व विश्वास के पर्व

## भाई दूज

की आपको

## हार्दिक शुभकामनाएं

सम्राट चौधरी
मुख्यमंत्री, बिहार





सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार

PR.No_0153211(I&PRD)D.2026-27

## जैकेट के शेष

### पहली बार त्योहारी ...
कारण मुश्किल से तीन सौ करोड़ का कारोबार हो सका। प्रदेश भर के बाजार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक गुलजार रहे। सबसे ज्यादा बाजार में रौनक पुष्य नक्षत्र से प्रारंभ हुई जो दीपावली तक रही। सबसे ज्यादा इन सात दिनों मे ही कारोबार हुआ। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस के दो दिनों में ही 12 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो गया।

### सराफा में मेकिंग ...
है कि ग्राहक अपनी पसंद के हिसाब के मेकिंग चार्ज से समझौता नहीं करते हैं। जेवरों में कारीगरी के हिसाब से उसका मेकिंग चार्ज तय होता है। हैवी जेवरों और बारीक डिजाइन में मेकिंग चार्ज ज्यादा लगता है। प्रदेश भर में सराफा कारोबार में इस बार 80 फीसदी से ज्यादा भुगतान ऑनलाइन हुआ है। पहली बार कम बिलों का भुगतान भी ऑनलाइन किया गया है। कारोबारियों के मुताबिक आज ज्यादातर ग्राहक ऑनलाइन भुगतान का उपयोग कर रहे हैं।

### कपड़ा गुलजार ....
आसपास के राज्यों के कारोबारी भी यहां से खरीदारी करके गए। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी है। ऐसे में लोग जमकर खरीदारी की। दीपावली तक के सीजन में साढ़े तीन हजार करोड़ का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हुआ है।

### बर्तन, फर्नीचर, पटाखे ...
गया। इसी के साथ फर्नीचर, बर्तन, पूजन सामग्री, गिफ्ट आइटमों को मिलाकर भी हजार करोड़ का कारोबार हुआ है।

### बस्तर में पीएम ...
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश से हथियारबंद माओवादियों को लगभग समाप्त कर दिया गया है। अब सरकार का अगला लक्ष्य उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है, जो हथियार नहीं उठाते, लेकिन जिनकी सोच में नक्सलवादी विचारधारा है। रिजिजू ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर राहुल गांधी को संबोधित करते हुए लिखा, राहुल जी, हथियारबंद माओवादियों को खत्म करने के लिए मोदी जी को धन्यवाद देना चाहिए। रिजिजू ने अपने बयान के समर्थन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने स्वयं वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था।

### नक्सलवाद के खिलाफ ...
नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी बेकार का प्रलाप है। नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने की इच्छाशक्ति कांग्रेस में कभी नहीं रही। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री के संकल्प से नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए 31 मार्च 2026 की समयसीमा निर्धारित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। इस अभियान में जनता का भी भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिला। बस्तर के लोग लंबे समय से नक्सलवाद से मुक्ति चाहते थे। वे विकास से वंचित थे और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ना चाहते थे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद छत्तीसगढ़ के विकास में सबसे बड़ी बाधा था, जो अब समाप्त हुआ है।

### मुकदमों में बरी ....
2 जून 2015 को हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पति ने पत्नी पर दुर्व्यवहार और अशांति फैलाने का आरोप लगाया।

### मां से कहा था- मिठाई .....
जिले को झकझोर कर रख दिया। महानदी में कार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की असमय मौत हो गई। मृतकों में पसौद निवासी शीतल साहू उम्र 44 वर्ष, उनकी पत्नी भारती साहू उम्र 40 वर्ष, पुत्री पूर्वा साहू उम्र 21 वर्ष और पुत्र विकास साहू उम्र 19 वर्ष शामिल हैं।

**मां से हुई थी आखिरी बातचीत** : शीतल साहू रायपुर के लक्ष्मीनगर स्थित अपने निवास से परिवार सहित गांव पसौद के लिए निकले थे। रवाना होने से पहले उन्होंने अपनी मां नर्मदा बाई से फोन पर बातचीत की थी। मां से कहा था कि आपके लिए गिफ्ट और मिठाई भी लेकर आ रहा हूं। गांव पहुंचकर सब साथ में दीपावली मनाएंगे। रात करीब 10 बजे हुई इस बातचीत के बाद मां अपने बेटे और परिवार के आने का इंतजार करती रहीं। रात के 11 और फिर 12 बज गए, लेकिन बेटे का कोई पता नहीं था। मां की बेचैनी बढ़ती जा रही थी। आखिरकार आधी रात के बाद उनसे रहा नहीं गया। उन्होंने अपने मंझले बेटे नीलकमल साहू को जगाया और कहा कि तुम्हारा बड़ा भाई रात 10 बजे रायपुर से निकला है, अब तक घर नहीं पहुंचा। कहीं रास्ते में गाड़ी खराब तो नहीं हो गई, जाकर पता करो। नीलकमल ने जब अपने बड़े भाई शीतल, भाभी भारती और दोनों बच्चों के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो चारों के मोबाइल बंद मिले। इससे परिवार की चिंता और बढ़ गई। अनहोनी की आशंका के बीच नीलकमल अपने मित्र गोलू के साथ मोटरसाइकिल लेकर रात में ही भाई की तलाश में निकल पड़ा।

### भाई को बचाने ....
जानकारी दिया। ये ग्रामीण आठ-दस की संख्या में तत्काल घटनास्थल पहुंचे। सभी ने मिलकर नदी में उतरकर कार को सीधा किया और काफी मशक्कत के बाद चारों को बाहर निकाला लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कार में सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी थी। जिस परिवार के स्वागत के लिए घर में दीपावली की तैयारियां थीं, उस परिवार के चारों सदस्य दुनिया से विदा हो चुके थे।

### जमानत बहाल होने के ...
और नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले को जल्द से जल्द देखना चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

### शाह बानो प्रकरण ....
ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके और बच्चों के भरण-पोषण के लिए गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। हालांकि, उनके पति ने मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए इस फैसले को चुनौती दी थी। सोनिया ने बताया कि इस मामले को लेकर अखबारों और पत्रिकाओं में प्रकाशित लेख पढ़कर वह काफी विचलित थीं। कई जानी-मानी महिला कार्यकर्ताओं, जिनमें मुस्लिम महिलाएं भी शामिल थीं, ने शाह बानो को गुजारा भत्ता दिए जाने के अधिकार का समर्थन किया था। उनके मुताबिक, उन्होंने राजीव गांधी से कहा था, अखबार आप पर मुस्लिम महिलाओं के हितों की बलि देने का आरोप लगा रहे हैं।

### स्मृति ईरानी आज ....
आर्दिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के साथ जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देना है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने बताया कि बैठक में मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, महापौर जीवर्धन चौहान, संभाग प्रभारी रामू रोहरा, जिला प्रभारी प्रशांत ठाकुर,कोरबा जशपुर, सरगुजा जिले सहित अन्य जिलों के विधायक, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे।

### धरमजयगढ़ में लेंगी ....
के मंत्री रामविचार नेताम और केदार कश्यप भी जाएंगे। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी पहले ही धरमजयगढ़ पहुंच चुके हैं। वहां पर प्रदेश प्रभारी आयोजन समिति के साथ बैठक कर तैयारियों के बारे में जानकारी लेंगी और आयोजन स्थल का निरीक्षण करेंगी।

# आतंकी पन्नू के मुकदमे को निराधार बताते हुए भारत की अमेरिका को दो टूक

**नई दिल्ली को स्वीकार नहीं वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ किए गए दुर्भाविनापूर्ण हमले**

**राजधानी में मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में बोले रणधीर जायसवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़े दीवानी मुकदमे के मामले में अमेरिका की एक संघीय अदालत ने पिछले महीने भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल, पूर्व रॉ अधिकारी विक्रम यादव और निखिल गुप्ता को जारी किए गए समन को लेकर मंगलवार को भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस विषय पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि अमेरिका में किए गए मुकदमे निराधार हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह से अस्वीकार करता है। साथ ही हम अपने वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ किए गए मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हमलों को भी सिरे से खारिज करते हैं। हमारे देश में न्यायिक दस्तावेजों की तामील कराने का आग्रह सिर्फ और सिर्फ भारत द्वारा नामित केंद्रीय प्राधिकरण यानी कानून एवं न्याय मंत्रालय के मार्फत ही संभव है।

### भारतीय दूतावास को भेजा डिप्लोमेटिक नोट

यहां बता दें कि ये पूरा मामला पन्नू द्वारा 2024 में दायर किए गए एक मुकदमे में भारतीय अधिकारियों पर उसकी 2023 में न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश रचने के आरोपों से जुड़ा हुआ है। अदालत ने बीते 9 नवंबर को दिए अपने एक आदेश में पन्नू की याचिका को स्वीकार किया है। लेकिन अब उसे नोटिस भेजने की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए 30 नवंबर तक महत्वपूर्ण दस्तावेज अदालत के समक्ष जमा कराने होंगे। वहीं, इन सबके बीच अमेरिका के विदेश विभाग ने बीते सोमवार को वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास को एक राजनयिक नोट भेजने की पुष्टि की है। जिस पर 30 सितंबर की तारीख दर्ज है। अमेरिकी पक्ष हालांकि इस तथ्य की भी पुष्टि कर चुका है कि नोट भेजने का यह अर्थ कतई नहीं है कि अदालत में जारी मुकद्दमे का वह किसी भी प्रकार से पक्ष ले रहा है या उसके समर्थन में खड़ा है।

### 2019 में गृह मंत्रालय ने घोषित किया आतंकी

करीब 8 साल पहले 2019 में भारत में गृह मंत्रालय ने सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) नामक संगठन के कानूनी सलाहकार पन्नू को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया था। इसके अलावा उसके संगठन पर भी पाबंदी लगा दी थी। बताते चलें कि ये मामला उस वक्त सबसे ज्यादा मीडिया की सुर्खियों में आया। जब 2023 में प्राग से भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को गिरफ्तार कर मामले की आगे की जांच के लिए अमेरिका को सौंप दिया गया। मौजूदा साल की शुरुआत में गुप्ता ने पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों में से कुछ को स्वीकार भी कर लिया है।

### पहले भी पन्नू कई बार कर चुका प्रयास

यह पहली बार नहीं है। जब आतंकवादी पन्नू ने अपनी कथित हत्या की साजिश रचने के मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय हेग सर्विस कन्वेंशन का सहारा लेते हुए उक्त नोटिस भेजने की कोशिश की थी। उसका ये प्रयास पूरी तरह से असफल साबित हुआ। क्योंकि भारतीय केंद्रीय प्राधिकरण ने उसके प्रयासों को नकार दिया। यही वो समय था जब पन्नू ने अमेरिकी अदालतों की ओर रुख किया और उनकी मदद से मामले में भारत की अदालतों को शामिल कर उनके द्वारा नोटिस भेजने की अनुमति मांगी। जो उस वक्त नहीं मिली, प्रयास पूरी तरह से असफल साबित हुआ। लेकिन अब अमेरिकी जिला न्यायाधीश कैथरीन फैला ने हेग कन्वेंशन की धारा-19 के तहत ही नोटिस भेजने की अनुमति प्रदान की है।

**बुल्गारिया में भीषण हादसा**

# 50 गाड़ियां आपस में टकराईं, 11 की मौत



सोफिया। बुल्गारिया में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पूर्वी बुल्गारिया में घने कोहरे के बीच हाईवे पर करीब 50 वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कमोबेश 50 लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री रुमेन रादेव ने हादसे की जानकारी देते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया।

दुर्घटना राजधानी सोफिया को पूर्वी शहर बर्गास से जोड़ने वाले A1 हाईवे पर हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय मीडिया में सामने आई तस्वीरों में हाईवे की छह लेन पर कारों और ट्रकों का ढेर दिखाई दिया। कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त थे, कुछ पलट गए थे, जबकि कई सड़क से नीचे किनारे की ओर जा गिरे।

### रूट पर छाया था घना कोहरा

हादसे के कारणों को लेकर फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना के वक्त हाईवे के इस हिस्से में घना कोहरा छाया हुआ था। बुल्गारिया के गृह मंत्रालय के मुताबिक, हादसे में घायल 50 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। राहत और बचाव टीमें मौके पर घायलों की मदद और स्थिति को संभालने में जुटी रहीं।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा रविवार रात हवेली तालुका के उरुली कांचन इलाके में पुणे-सोलापुर हाईवे पर हुआ।

**न्यायालय सुमित कपूर, जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**
व्यवहारवाद अपील प्रकरण क्रमांक-67ए/2023, प्रो. क्रमांक- 499. पेशी दि. 25.11.26
श्रीमती दिलीप कौर .....अपीलार्थी/ वादिनी
**विरूद्ध**
स्व. निर्मल सिंह हंसपाल व अन्य..उत्तरवादीगण / प्रतिवादीगण
**बनाम** - (1) श्रीमती दविन्दर कौर, पति स्व. श्री चरणजीत सिंह हंसपाल, (2) गुरूप्रीत सिंह, पिता स्व. श्री चरणजीत सिंह हंसपाल (3) कुमारी राखी हंसपाल, पिता-स्व. श्री चरणजीत सिंह हंसपाल, सभी निवासी- एल. पाकेट बी-1, रिसाली, मरोदा, भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग.

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के दशम अतिरिक्त न्यायाधीश रायपुर द्वारा व्यवहारवाद क्रमांक 487ए/ 22 श्रीमती दिलीप कौर विरूद्ध स्व. निर्मल सिंह हंसपाल व अन्य में वादपत्र नामंजूर किये जाने के आदेश दिनांक 08.08.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी द्वारा यह व्यवहार अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा तिथि 25.11.2026 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति पेशी तिथि 25.11.26 की प्रातः 11:00 बजे उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जाएगी।
**नोट**- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।
यह आज दिनांक 05 माह 11 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 05.11.2026
(सुमित कपूर)
जिला न्यायाधीश, रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय - सुमित कपूर, जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**
व्यवहारवाद अपील प्रकरण क्रमांक - 45ए / 2022, प्रो.क्रमांक - 500, पेशी दि. 25.11.26
श्रीमती दिलीप कौर ..... अपीलार्थीनी / वादिनी
**विरूद्ध**
स्व. श्रीमती हरबंस कौर हंसपाल व अन्य..... उत्तरवादीगण / प्रतिवादीगण
**बनाम** - (1). श्रीमती दविन्दर कौर, पति-स्व.श्री चरणजीत सिंह हंसपाल,(2). गुरूप्रीत सिंह, पिता-स्व. श्री चरणजीत सिंह हंसपाल(3). कुमारी राखी हंसपाल, पिता-स्व. श्री चरणजीत सिंह हंसपाल,सभी निवासी - एल. पाकेट बी-1, रिसाली, मरोदा, भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग.

न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 रायपुर छ.ग. द्वारा व्यवहारवाद क्रमांक 123ए / 2006 श्रीमती दिलीप कौर विरूद्ध स्व. श्रीमती हरबंस कौर व अन्य में घोषित निर्णय व डिक्री दिनांक 31.03.2022 के विरूद्ध अपीलार्थी द्वारा यह व्यवहार अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा तारीख 25.11.2026 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति पेशी तिथि 25.11.26 की प्रातः 11:00 बजे उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जाएगी।
**नोट**- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।
आज दिनांक 05 माह 11 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
मुहर
(सुमित कपूर)
जिला न्यायाधीश, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

## पेज एक के शेष

### गरीब बेटियों की...
पात्र हितग्राहियों के पास आधार नंबर नहीं है या जिन्होंने अभी तक आधार के लिए नामांकन नहीं कराया है, उन्हें योजना में पंजीयन से पहले आधार नामांकन के लिए आवेदन करना होगा। विभाग और उसकी क्रियान्वयन एजेंसी ऐसे हितग्राहियों के आधार नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे। यदि संबंधित ब्लॉक, तहसील या जिले में आधार नामांकन केंद्र उपलब्ध नहीं है, तो सुविधाजनक स्थानों पर नामांकन की व्यवस्था की जाएगी।

**>35 हजार रुपये नकद और 7 हजार तक सामग्री सहायता** : मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत छत्तीसगढ़ के पात्र परिवारों की बेटियों को वर्तमान योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार 35 हजार रुपये की राशि डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंक खाते के माध्यम से दी जाती है। इसके अतिरिक्त 7 हजार रुपये तक की सामग्री सहायता भी प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक कठिनाइयों को कम करना, सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करना, फिजूलखर्ची रोकना और विवाह में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना है। सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि कोई वास्तविक और पात्र हितग्राही अपने देय लाभ से वंचित नहीं रहे।

### नामांकन पर्ची के साथ वैकल्पिक...
तहसीलदार द्वारा आधिकारिक लेटरहेड पर जारी फोटोयुक्त पहचान प्रमाणपत्र शामिल हैं। विभाग द्वारा निर्धारित अन्य दस्तावेज भी स्वीकार किए जा सकेंगे। इन दस्तावेजों की जांच के लिए विभाग विशेष अधिकारी नामित कर सकेगा।

### फिंगरप्रिंट नहीं मिलने पर...
ओटीपी से सत्यापन किया जा सकेगा। अन्य मामलों में, जब बायोमेट्रिक या ओटीपी प्रमाणीकरण संभव नहीं होगा, तब भौतिक आधार पत्र पर मुद्रित क्यूआर कोड के सत्यापन के आधार पर भी योजना का लाभ दिया जा सकेगा। इसके लिए सुविधाजनक स्थानों पर क्यूआर कोड रीडर की व्यवस्था करने का प्रावधान किया गया है।

### दीपावली के बाद हवा में घुला...
इन क्षेत्रों में सर्दियों के मौसम के साथ प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह सैटेलाइट इमेज, मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रोरैडियोमीटर ने कैप्चर किया। इसे नासा के फायर इंफॉर्मेशन फॉर रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए उपलब्ध कराया गया। इसमें देखा जा सकता है कि एक मोटी स्लेटी धुंध की परत इंडो-गैंगेटिक मैदानों में फैल रही है। यह धुंध पाकिस्तान से उत्तर भारत होते हुए देश के पूर्वी हिस्सों तक जा रही है। यह स्मॉग खास तौर पर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और आस-पास के क्षेत्रों में दिखाई दे रही है। बता दें कि हर सर्दी में, उत्तर-पश्चिम भारत और पड़ोसी पाकिस्तान में एयर क्वॉलिटी तेजी से खराब हो जाती है। वहीं, पराली जलाने, वाहनों के धुएं, इंडस्ट्री से निकला धूल, कंस्ट्रक्शन की धूल और अन्य स्रोत प्रदूषण के बोझ को बढ़ा देते हैं।

### रायपुर-बिलासपुर और बिल्हा निकाय...
तोखन साहू भी इसमें शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ की ओर से नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, सूडा के सीईओ सुमीत अग्रवाल तथा चयनित निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्वच्छता कर्मी समारोह में शामिल होंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों का राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन हुआ है।

### दिवाली की रात दो परिवारों के...
हाथियों ने दो लोगों की जान ले ली। इस घटना के अगले ही दिन बीती रात जिले के कन्दरई में भी हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत की खबर सामने आई है। लगातार हो रही इन घटनाओं से जिले में हाथी-मानव संघर्ष का गंभीर रूप सामने आ रहा है। इन घटनाओं ने एक बार फिर हाथी-मानव संघर्ष रोकने के सरकारी दावों और वन विभाग की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बीच सड़क नाइजीरियन युवक...
कार के दरवाजे और कांच पर मुक्के बरसाए। दोनों पर कार का पिछला वाइपर तोड़ने का भी आरोप है। विडियो सोशल मीडिया में वायरल : इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें विदेशी युवक-युवती सड़क पर विवाद करते नजर आ रहे है। इस विवाद के कारण रोड पर जाम लग गया था। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 28, 296 और 324(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्र के अनुसार कार चालक अनिल यादव भंसाली परिवार के वाहन चालक है। वह 8 नवंबर को भंसाली परिवार के बेटे और बेटी को लेकर टैगोर नगर स्थित उनके घर जा रहे थे। इसी दौरान टैगोर नगर मोड़ से पहले एचडीएफसी बैंक और जूडियो के पास दिवाली की खरीददारी को लेकर भीड़ लगी हुई थी। इस कारण इनोवा कार धीमी गति से चल रही थी।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## ईरान के साथ युद्ध 'लगभग समाप्त' हो चुका है: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनके विचार से ईरान के साथ युद्ध 'सैन्य दृष्टि से लगभग समाप्त हो चुका है।' उनके इस बयान से संकेत मिलता है कि वह ईरान पर फिर से हमले करने के पक्ष में फिलहाल नहीं हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ दिन में हुई बैठक के बाद ट्रंप अचानक 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के संवाददाता सम्मेलन कक्ष पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'ईरान सैन्य दृष्टि से लगभग समाप्त हो चुका है। हम फिलहाल यथास्थिति बनाए हुए हैं।' ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान का 'नेतृत्व खत्म कर दिया गया है', लेकिन वह यह सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाश रहे हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)**
क्रं./3973/न.पा.नि./स्वा. शाखा/2026-27/
बीरगांव, दिनांक 07 / 11 / 2026
**जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना**
नगर पालिक निगम बीरगांव सीमा अंतर्गत आगामी 12 माह के लिये सड़क व नाली सफाई हेतु पात्र फर्मों / सेवा प्रदाताओं से जेम पोर्टल में बिड के माध्यम से दरें आमंत्रित है। Gem Bid No. GEM/2026/B/8206542, GEM/2026/B/8247475, GEM/2026/B/8247495 and GEM/2026/B/8246469. Bid Due Date - As per Bid, Physical Submission Last Date - At least 30 minutes prior to the scheduled date and time for bid Opening. Bid Opening Date- As per Bid (Scheduled).
इच्छुक सक्षम निविदाकार नियम व शर्तें, धरोहर राशि, बैंक सार्ल्वेंसी, Key Dates इत्यादि विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे Gem Portal के माध्यम से बिड भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।
आयुक्त
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

**E-Procurement Tender Notice,**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
J.P./N.P.N./ 751/310 Bhilai / Dated:4/11/2026
Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "C" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal ((https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. no | Tender no | Name of work | Probable amount of contract | Earnest money | BID Submission Start Date | BID Due Date | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 203501 | Supply of Bearing for the maintenance of motor pumps at the shivnath Intake Well and the 77 and 66 MLD Water Treatment Plant | 16.91 Lacs | 12,500.00 | 04/11/2026 | 25/11/2026 | First call | Form C |

**NOTE:** 1 For other details visit GoC e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2 Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document. 3. For more details please download NIT details.
Executive Engineer
Municipal Corporation
Bhilai Chattisgarh

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**
क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2026/934/313 भिलाई, दिनांक 04/11/26
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 202634 | 15 वें वित्त अंतर्गत_वार्ड क्र. 42 सड़क नं. 17 से 26 तक, गौतम नगर चौक से रविंदर सिंह घर तक, रविंदर सिंह से एम.पी.आर रोड पोस्ट ऑफिस तक एवं प्रकाश पब्लिक स्कूल से एम.पी.आर. रोड तक और सड़क ए.वी.सी. आई.टी.आई. के पीछे तक डामरीकरण कार्य। | 76,27,253.00 | 17.11.2026 |
| 2. | 202635 | 15 वें वित्त अंतर्गत _वार्ड क्र. 45 बालाजी नगर में एन.ए.वी. रोड़ श्राद्धा मटेसेवरी स्कूल से ओमलाज, सुभाष चौक से एन.ए.वी. रोड़ सड़क ए.वी.डी. तक एवं एन. ए. वी. रोड़ से इमली पेड़ तक डामरीकरण कार्य। | 50,84,458.00 | 17.11.2026 |
| 3. | 202640 | 15 वें वित्त अंतर्गत_वार्ड क्र. 48 जोन 03 खुर्सीपार कबीर मंदिर रोड, केनाल रोड से कबीर मंदिर होते हुए दुर्गा मंदिर तक, काली मंदिर लाईन, प्रभू किराना के बगल से सुर्यमणी घर तक, केनाल रोड़ से मिलावट पारा जैतखाम, केनाल रोड लोधी मोहल्ला चाँदनी चौक दुर्गा मंदिर, राजधानी चौक से लिंगा घर तक डामरीकरण कार्य। | 38,13,600.00 | 17.11.2026 |

निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।
जोन आयुक्त

### शब्द पहेली - 6403



**बाएँ से दा

बिहार सरकार

इस छठ पर आयें बिहार, अपनों के संग मनाएँ त्योहार

इस छठ महापर्व में अपने घर, अपने गांव और अपनी मिट्टी की ओर आयें
और अपनों के साथ अपनी संस्कृति का पर्व मनाएं

बिहार है तैयार



छठ महापर्व

की हार्दिक शुभकामनाएँ

सम्राट चौधरी

मुख्यमंत्री, बिहार



सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार

PR.No_0153223(I&PRD)D.2026-27

## खबर संक्षेप



### बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज का लाभ 42.7% बढ़ा

**कोलकाता।** इस्पात बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 42.7 प्रतिशत बढ़कर 21.62 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी ने 15.15 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 33 प्रतिशत बढ़कर 195.42 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 146.96

### सीईएससी के मुनाफे में 2.2 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनी सीईएससी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई- सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 438 करोड़ रुपये रह गया। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 448 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### दिवाली बलिप्रतिपदा पर बाजार रहे बंद

**नई दिल्ली।** दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर मंगलवार को घरेलू शेयर और मुद्रा बाजार बंद रहे। बाजार में प्रतिदिन की तरह कारोबार बुधवार से फिर शुरू होगा।

### सीमेंस का मुनाफा बढ़कर 504 करोड़ रुपए पर



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी सीमेंस लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 4.78 प्रतिशत बढ़कर 504 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ (पीएटी) 481 करोड़ रुपये था। सीमेंस लिमिटेड ने जारी बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 5,734 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,900 करोड़ रुपये थी।

# लोग सोना रखकर छुड़ा नहीं पा रहे, पांच महीने में डिफॉल्ट हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने के बदले कर्ज लेने का बाजार रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर है। चिंता यह है कि लोग सोना रखकर छुड़ा नहीं पा रहे हैं। ट्रांसयूनियन सिबिल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच महीनों में गोल्ड लोन डिफॉल्ट की दर करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, तीन साल में बकाया कर्ज की रकम 22.5 लाख करोड़ रुपए के पार चली गई है। इस बढ़ते वित्तीय दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने एक व्यापक और पारदर्शी फ्रेमवर्क पेश किया है। यह नया फ्रेमवर्क छोटे ग्राहकों को ऊंची एलटीवी लिमिट का फायदा देने के साथ बैंकों की ओर से सोने के सही वैल्यूएशन, सख्त नीलामी प्रक्रिया और समय पर जेवर लौटाने की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

### पांच महीनों में डिफॉल्ट डबल

गोल्ड लोन मार्केट का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके साथ टेंशन भी साफ दिखाई दे रहा है। ट्रांसयूनियन सिबिल की नई रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2026 तक देश में बकाया गोल्ड लोन 22.5 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े पर पहुंच गया है। अगस्त 2023 के मुकाबले यह तीन गुना ज्यादा है। हालांकि, 90 दिनों से ज्यादा ओवरड्यू वाले लोन पोर्टफोलियो का हिस्सा मार्च 2026 के 0.2 फीसदी से बढ़कर अगस्त 2026 में 0.3 फीसदी हो गया है।

**ट्रांसयूनियन सिबिल ने जारी की ताजा रिपोर्ट**




### छोटे कर्जदारों के लिए राहत

बढ़ते लोन और डिफॉल्ट के बीच आरबीआई ने 1 अप्रैल 2026 से सभी वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों और एनबीएफसी के लिए नया फ्रेमवर्क पूरी तरह लागू कर दिया है। नए नियमों के तहत छोटे ग्राहकों के लिए एक टियर वाली एलटीवी संरचना पेश की गई है। इससे वे अपनी सोने की संपत्ति पर ज्यादा कर्ज पा सकते हैं।

### एलटीवी की सीमा बढ़ाई गई

2.5 लाख रुपए तक के लोन के लिए अधिकतम एलटीवी को 75 फीसदी की पुरानी सीमा से बढ़ाकर 85 फीसदी कर दिया गया है। वहीं, 2.5 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक के लोन पर 80 फीसदी और 5 लाख रुपए से ज्यादा के लोन पर 75 फीसदी का एलटीवी तय किया गया है। हालांकि, 2.5 लाख रुपए से ज्यादा के लोन के लिए बैंकों को रीपेमेंट क्षमता का वैल्यूएशन करना जरूरी होगा।

### गोल्ड वैल्यूएशन के नए नियम

सोने के वैल्यूएशन की प्रक्रिया में अब सिर्फ असली धातु की शुद्धता को ही गिना जाएगा। बैंक पिछले 30 दिनों के औसत बंद भाव या पिछले दिन के बंद भाव में से जो भी कम होगा, उसी आधार पर सोने का दाम तय करेंगे। इसमें मेकिंग चार्ज या रत्नों की कीमत शामिल नहीं होगी। इसके अलावा बुलेट रीपेमेंट वाले कंजम्पशन लोन की अवधि 12 महीने से ज्यादा नहीं हो सकती। अगर कोई कर्जदार डिफॉल्ट करता है तो नीलामी से पहले पर्याप्त नोटिस देना जरूरी होगा। नीलामी की आरक्षित दर वर्तमान बाजार मूल्य के 90 फीसदी से कम नहीं रखी जा सकती।

## वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने स्वत: जांच की पहल की

# डीजीटीआर ने चार देशों से एल्यूमीनियम उत्पादों की कथित डंपिंग की जांच शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन, मलेशिया, वियतनाम और थाईलैंड से एल्यूमीनियम उत्पादों की कथित डंपिंग के खिलाफ स्वतः पहल करते हुए जांच शुरू की है। भारत इन देशों से होने वाले सस्ते आयात से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की इकाइयों को बचाना चाहता है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। आमतौर पर, घरेलू उत्पादकों की ओर से आवेदन दाखिल किए जाने के आधार पर व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) डंपिंग-रोधी जांच शुरू करता है। हालांकि, उद्योगों के पास अक्सर व्यापार उपचार जांच के लिए जरूरी जानकारी एवं विशेषज्ञता नहीं होती है। ऐसे में निदेशालय स्वतः पहल कर इन मामलों की जांच करता है।

**जांच चीन मलेशिया वियतनाम और थाईलैंड के खिलाफ**

**सरकार सस्ते आयात से एमएसएमई की इकाईयों को बचाना चाहती है**

### डीजीटीआर को एलेमाई से मिला आवेदन

डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, उसे एल्युमीनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एलेमाई) से अभ्यावेदन मिले हैं। यह संगठन 'एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रोफाइल, स्ट्रक्चर और उत्पादों' के 228 विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है। महानिदेशालय ने कहा कि डंपिंग के जरिये आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है।




### जांच के दायरे में ये उद्योग आएंगे

जांच के दायरे में आने वाले उत्पादों का इस्तेमाल औद्योगिक, परिवहन, बिजली और इंजीनियरिंग से जुड़े कई क्षेत्रों में होता है। इनमें खिड़कियां, दरवाजे, पर्दे की दीवारें, विभाजन, रेलिंग और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े प्रोफाइल, औद्योगिक फ्रेमिंग, सौर ऊर्जा संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाली माउंटिंग संरचनाएं, सीढ़ियां, फर्नीचर, रसोई और अलमारी के प्रोफाइल तथा साइकिल के पुर्जे शामिल हैं।

### उद्योगों के नुकसान की भरपाई हो सके

साथ ही, वह डंपिंग-रोधी शुल्क की ऐसी राशि लगाने की सिफारिश करेगा, जिससे घरेलू उद्योग को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। यदि यह साबित होता है कि इन उत्पादों की डंपिंग से घरेलू कंपनियों को गंभीर नुकसान हुआ है, तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। वित्त मंत्रालय ही डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय करता है।

### जवाबी कार्रवाई के तौर पर लगाया जाता है शुल्क

देश यह पता लगाने के लिए डंपिंग-रोधी जांच करते हैं कि क्या सस्ते आयात में अचानक वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। इसकी जवाबी कार्रवाई के तौर पर वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। इस शुल्क का उद्देश्य व्यापार की निष्पक्ष प्रक्रियाएं सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों को विदेशी उत्पादकों एवं निर्यातकों के मुकाबले समान अवसर उपलब्ध कराना है।

**भारतीय एयरलाइंस की हिस्सेदारी घटी**

# देश में वैश्विक हवाई यात्रियों की संख्या 6.1 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत में अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 6.1 प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ हो गई, जबकि भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी एक साल पहले के 45.7 प्रतिशत से घटकर 44.4 प्रतिशत रह गई।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की तरफ से जारी 'नागर विमानन सांख्यिकी पुस्तिका 2025-26' के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात में विदेशी एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी 55.6 प्रतिशत रही। देश में कुल हवाई यात्री यातायात 2.7 प्रतिशत बढ़कर 24.61 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 23.97 करोड़ था। इसमें घरेलू हवाई यातायात 1.1 प्रतिशत बढ़कर 16.74 करोड़ और अंतरराष्ट्रीय यातायात 6.1 प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ रहा। अंतरराष्ट्रीय यातायात के आंकड़ों में भारत आने और यहां से विदेश जाने वाले, दोनों तरफ के यात्री शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015-16 से 2025-26 के दौरान घरेलू यात्री यातायात में सालाना औसतन सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात की वृद्धि दर 4.6 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करने वाली 90 अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों में शीर्ष 10 की कुल यात्री यातायात में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी रही, जबकि शीर्ष 15 कंपनियों की हिस्सेदारी 73.1 प्रतिशत थी।

- विदेशी एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी 55 .6 प्रतिशत रही

### राजस्व यात्री किलोमीटर बढ़ा

वर्ष 2015-16 से 2025-26 के दौरान घरेलू बाजार में उपलब्ध सीट किलोमीटर (एएसके) में सालाना औसतन सात प्रतिशत और राजस्व यात्री किलोमीटर (आरपीके) में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एएसके विमानन क्षमता और आरपीके यात्री मांग को दर्शाता है।

# सोना 500 रुपए टूटकर 1,46,400 रुपए पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर वैश्विक रुख और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में कमजोरी के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने के भाव में गिरावट आई। डॉलर में मजबूती ने भी कीमतों पर दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि दिवाली के दौरान सोने की कमजोर लिवाली की वजह से भी इसकी कीमतों को सहारा नहीं मिल पाया।



### कच्चे तेल में गिरावट से महंगाई की चिंता कम

निवेश मंच मुड्रेक्स के प्रमुख क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने कहा, "अमेरिका के मुद्रास्फीति संबंधी आंकड़े जारी होने से पहले कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से महंगाई की चिंताएं कम हुई हैं। इसके चलते पिछले कारोबारी सत्र में एक प्रतिशत की बढ़त के बाद सोना 4,100 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ है।"

# विदेशी निवेशकों ने बाजार में लगाए 53,739 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार दो महीने तक निकासी के बाद नवंबर के पहले नौ दिन में ही भारतीय शेयर बाजार में 53,739 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली, घरेलू कंपनियों की मजबूत आय वृद्धि और बड़ी कंपनियों के शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन इसकी प्रमुख वजहें रहीं। डिपॉजिटरी के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दो से नौ नवंबर के बीच छह कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 53,739 करोड़ रुपये लगाए। इससे पहले उन्होंने अक्टूबर में 34,843 करोड़ रुपये और सितंबर में 35,861 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी।

### बजाज फाइनेंस ने 5,799 करोड़ के वारंट किए जारी

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने अपनी प्रवर्तक कंपनी बजाज फिनसर्व को तरजीही आधार पर 5,799 करोड़ रुपये के 5.74 करोड़ वारंट जारी किए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 1019/न.पा./ लो.नि.वि./2026-27 मुंगेली, दिनांक 06/11/2026

**द्वितीय/तृतीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि लाख में |
|---|---|---|
| 203727 | वार्ड क्र. 08 नया बस स्टैण्ड के पीछे सी.सी. रोड रिनिवल कार्य (द्वितीय निविदा) | 19.89 |
| 203729 | जेसीस पब्लिक स्कूल से बुधमल घर पंडरिया रोड से होते हुए पड़ाव चौक एवं पड़ाव चौक से सार्वजनिक शौचालय लोरमी रोड तक मेनरोड डिवाईडर मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य (तृतीय निविदा) | 40.35 |
| 203730 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जोनल टेंडर सी.सी. सड़क/नाली/ पुलिया तथा भवन निर्माण / मरम्मत एवं अन्य सामयिक प्रवृत्ति के कार्य (द्वितीय निविदा) | 25.00 |
| 203733 | वार्ड क्र. 12 मुक्तिधाम में कम्पाउण्ड वॉल निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 19.88 |

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है। 2. निविदा सिस्टम क्र. 203727 203730 एवं 203733 हेतु निविदा ऑनलाईन सब्मिट करने की अंतिम तिथि 21.11.2026 है तथा निविदा सिस्टम क्र. 203729 निविदा ऑनलाईन सब्मिट करने की अंतिम तिथि 17 .11 .2026 है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मुंगेली



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र-अ" में निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्रमांक, दिनांक / सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 75/06.11.26, 203734 | रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग के आवर्धन जलप्रदाय योजनांतर्गत ग्राम अमोदी (भाटापारा एवं सतनामीपारा) अंतर्गत 40 कि.ली. क्षमता तथा 12 मीटर के स्टेजिंग के उच्चस्तरीय जलागार डिजाईन सहित पाईप लाईन कार्य। | 67.40 |

**नोट** - उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राषि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 12.11.2026 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 26.11.2026 होगी।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायपुर (छ.ग.)

G-262704464/3



## कार्यालय वनमंडलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड (छ.ग.)

E-Mail-dfomarwahi@yahoo.com

**नीलाम-सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड के मड़ना डिपो एवं अन्य डिपो में निम्न विवरण अनुसार वनोपज ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय अथवा मड़ना काष्ठागार से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपों का नाम - मड़ना काष्ठागार,
नीलाम दिनांक - 20.11.2026
नीलामी प्रारंभ- प्रातः 09.00 बजे से
वनोपज की अनुमानित मात्रा

| डिपों का नाम | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | | बल्ली नग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुराना | नया | पुराना | नया |
| मड़ना डिपो | सागौन | 61.560 | 16.487 | 1102 | 268 |
| | साल | 467.499 | 59.773 | 756 | 86 |
| | साजा | 88.929 | 7.044 | 63 | - |
| | बीजा | 17.211 | 1.100 | 46 | - |
| | तिन्सा | 2.869 | 1.215 | - | - |
| | हल्दू/मु./ख | 21.000 | 4.565 | - | - |
| | धावडा | 2.743 | - | - | - |
| | सलिहा | 1.134 | - | - | - |
| | अन्य | 109.928 | 38.436 | 721 | 73 |
| | नीलगिरी | - | 1.500 | 806 | - |
| | R.T.L साल-साजा | 26.227 | - | - | - |
| | R.T.L अन्य | 161.055 | - | - | - |
| | खैर | 1.552 | - | | |
| | योग :- | 961.707 | 130.120 | 3494 | 427 |
| जलाऊ डिपो पेंड्रा | सतकठा जलाऊ | 108 | 93 | - | - |
| | योग :- | 108 Chatta | 93 Chatta | - | - |

टीप:- 1. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।

सही
वनमंडलाधिकारी मरवाही
वनमंडल, पेंड्रारोड

G-262704453/3



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**गार्ड/ऑपरेटर/मार्केटिंग**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय: **प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल: - 7746000016, 7747000016.** (आरो-815)

**मजदूर**

**आवश्यकता है-** कारखाना हेतु मजदूरों की आवश्यकता है। तिल्दा रायपुर के एक इस्पात एवं पावर कंपनी हेतु 14 नवंबर तक 100 मजदूरों की आवश्यकता है, ESI एवं PF जमा होने के बाद 15000/- वेतन मिलेगा **संपर्क करें- सम्राट केवट रायपुर 6260168921.** (आरो-243)

**इलेक्ट्रीशियन**

**आवश्यकता है-** कंपनी हेतु आवश्यकता है पैनल संबधित हेतु इलेक्ट्रीशियन की, श्री कालूका स्टील प्राइवेट लिमिटेड, **हथखोज निरोस इस्पात कंपनी के पास भिलाई संपर्क करें:- 79740-79907.** (आरो न.-4178)

**टीचर**

**Requirement-** A reputed school at Santoshi Nagar Raipur invites applications from qualified, experienced, candidates fluent in English for Vice Principal: Post Graduate + B.Ed / Bold personality with strong administrative skills, capable of managing school operations independently. HR Admin: MBA in HR / relevant discipline. Maths & S.St Teachers: Post Graduate / Graduate in relevant subjects with B.Ed. Email : rpsraipur123@gmail.com WhatsApp: **9425214413.** (आरो-meet)

**कैफे कार्य**

**आवश्यकता है-** कैफे में कार्य करने हेतु लड़कों/लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। तुरंत जॉइन करें। **संपर्क करें - 9975618165 / 9818048478. स्थान: रायपुर** (आरो-21)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152**

**चौकीदार/ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** फार्म के लिए चौकीदार एवं ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है, सिमगा के पास जिसमें परिवार सहित आकर रह सके **संपर्क - 9167339097.** (आरो-A)

**फाइनेंस -** विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट) **संपर्क - 9438611245.** (आरो-om)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी शुल्क देने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक एवं खरीददारी लेने व स्वैच्छिक से निर्णय लेकर होने देनदारी किसी भी प्रकार या मेडिकल के संबंध में कि किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उत्पाद किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।




**Healthcare**

**सोरायसिस एवं चमड़ी रोग**

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

कवर्तिथ हर्ब्स रिसर्च सेन्टर सिविल्स आई.एस.ओ. सर्टिफाईड

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वास्थ्य टॉकीज के सामने
बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# सबालेंका की विजयी शुरुआत, एक घंटे 53 मिनट में मुचोवा को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

एरिना सबालेंका ने कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेट में 7-6 , 7-5 से हराकर 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

पूर्व विश्व नंबर एक सबालेंका ने 1 घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से होगा। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका 2022 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंडस्लैम खिताब के सत्र का समापन करेंगी। वह डब्ल्यूटीए की साल के अंत की नंबर एक रैंकिंग की दौड़ से भी बाहर हो चुकी हैं। उनकी प्रतिद्वंद्वी एलेना रिबाकिना के वायरल बीमारी के कारण डब्ल्यूटीए फाइनल्स से हटने के बावजूद सबालेंका शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सकेंगी। हालांकि 28 वर्षीय सबालेंका के पास पहली बार सत्र के अंतिम टूर्नामेंट का खिताब जीतने का मौका है। वह इससे पहले 2022 और 2025 में उपविजेता रही थीं।

# बारिश ने बिगाड़ा बुमराह-जडेजा का खेल भारत-न्यूजीलैंड 'ए' सीरीज 0-0 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लिंकन

जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को लंबे ब्रेक के बाद मैच अभ्यास हासिल करने का मौका नहीं मिल सका क्योंकि भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे और अंतिम दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण ड्रॉ समाप्त हुआ। मैच के तीसरे दिन सोमवार को भी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। इस तरह तीन मैच की श्रृंखला के सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ए ने यशस्वी जायसवाल के श्रृंखला के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, तिलक वर्मा तथा वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से 5 विकेट पर 464 रन बनाकर पारी घोषित की थी। न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट पर 36 रन बनाए थे।

### 19 नवंबर से वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम के नजरिए से यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि ब्रेक के बाद वापसी कर रहे बुमराह और जडेजा को मैच अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद थी। बुमराह ने अपना पिछला मैच तीन अक्टूबर को जापान के आइची-नागोया में पाकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में खेला था। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे के सीमित ओवरों के चरण से विश्राम दिया गया था, जिससे कि 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वह तरोताजा रह सकें। इस मुकाबले में बुमराह को केवल छह ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 11 रन दिए। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले कई स्पैल गेंदबाजी करके अच्छी लय हासिल करना चाहते थे लेकिन खराब मौसम ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया।



### तीसरे नंबर पर पडिक्कल की जगह लगभग पक्की

पडिक्कल ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में 199 रन बनाए थे, जिससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। सुदर्शन ने भी कुछ अर्धशतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद आकाश दीप भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करते हैं या नहीं। आकाश दीप उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं।

### जडेजा को मिला बल्लेबाजी का मौका

विदेशी परिस्थितियों में आमतौर पर प्रमुख बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले जडेजा को बल्लेबाजी का मौका मिला। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए 25 रन बनाए और एक घंटे 20 मिनट तक क्रीज पर रहे। हालांकि जडेजा को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि भारत ए की टीम केवल 14 ओवर ही गेंदबाजी कर सकी।

### 8 प्लेयर होंगे वेलिंगटन रवाना

बुमराह, जडेजा के अलावा जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप अब वेलिंगटन रवाना होंगे, जहां भारतीय सीनियर टीम की नजरें बारिश नहीं होने की स्थिति में छह अभ्यास सत्र के जरिए तैयारी करने पर होंगी।भारत ए की श्रृंखला की बात करें तो जायसवाल के लगातार दो शतक और पडिक्कल का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए दो बड़ी सकारात्मक चीजें रहीं।

खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे भरत

**अबुधाबी।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि उनकी नजरें फरवरी 2027 में अनिवार्य ब्रेक का समय (कूलिंग ऑफ पीरियड) समाप्त होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राष्ट्रीय टीम के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर टिकी हैं। भरत ने 2023 से 2024 के बीच भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने इस साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, जिसके बाद वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के पात्र हो गए थे।

### 12 नवंबर को न्यूजीलैंड रवाना होंगे पंत

**नई दिल्ली।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से फिटनेस मंजूरी मिलने की उम्मीद है। पंत फिटनेस संबंधी मंजूरी मिलने के बाद गुरुवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी टेस्ट टीम को मजबूती प्रदान करेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'पंत पूरी तरह फिट हैं।

# शतरंज में भारत का शतक पूरा, 22 साल के श्रीवात्री बने 100वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुज श्रीवत्री को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज में यह शतक पूरा करना देश के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि भारत में 100 ग्रैंडमास्टर होना खिलाड़ियों की अपार प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ ही देश के युवाओं के बीच इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत ने शतरंज में शतक पूरा कर लिया है! है ना यह असाधारण उपलब्धि? भारत अब 100 शतरंज ग्रैंडमास्टर वाला देश बन गया है। भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह कितनी शानदार उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह उपलब्धि कई और युवाओं को शतरंज अपनाने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।'

### मध्यप्रदेश के निवासी है अनुज श्रीवत्री

मध्यप्रदेश के अनुज श्रीवत्री ने फिलिपीन्स के सिनाकाबान में सातवीं आसियान प्लस व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे।

विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप

# टीम को गोल्ड मेडल, पदक से चूकी ईशा और मनु





एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में स्टार निशानेबाज मनु भाकर और ईशा सिंह पदक के साथ ही 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का मौका चूक गईं। व्यक्तिगत फाइनल में ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं, जबकि मनु भाकर मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं।

### क्वालीफिकेशन दौर में ईशा और मनु का शानदार प्रदर्शन

ईशा और मनु ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। दोनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में अपना प्रदर्शन बरकरार नहीं रख सकीं। इस चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कुल 36 कोटा दांव पर हैं। ईशा का प्रदर्शन फाइनल में बेहद निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमशः एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह 20 में से केवल 11 हिट के साथ उन्हें सबसे पहले प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा।

# भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज बारिश की भेंट चढ़ा तीसरा मैच

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन



भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को सेडन पार्क में खेला जाने वाला तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। भारत पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। दोनों टीम अब अंतिम दो मुकाबलों के लिए टाउरंगा रवाना होंगी, जहां 13 और 15 नवंबर को मैच खेले जाएंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लगातार तीसरी बार टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पिछले दो मुकाबलों में उतरी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि 40-40 ओवर के मैच के लिए मैदान से कवर्स हटाए जाने के दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। 20-20 ओवर के मुकाबले के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 7 बजकर 50 मिनट की निर्धारित समय सीमा में कम से कम 70 मिनट शेष होने के बावजूद दोनों अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

# कुमामोतो मास्टर्स : प्री क्वार्टर फाइनल में गायत्री-त्रीसा

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की भारत की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में स्थानीय दावेदार हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस साल नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री और त्रीसा की भारतीय जोड़ी ने जापान की जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट में 21-17, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा की जोड़ी को क्वालीफाइंग के पहले दौर में चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 21-16, 21-15 से हराया।



### अम्साकरुणन और अर्जुन की जोड़ी अगले दौर में

पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी अगले दौर में पहुंच गई। आरोन चिया और सोह वूई यिक की पहले दौर की उनकी प्रतिद्वंद्वी मलेशिया की जोड़ी ने मैच शुरू होने के छह मिनट बाद चोट के कारण मुकाबला छोड़ दिया। मैच रोके जाने के समय भारतीय जोड़ी पहले गेम में 11-6 से आगे थी।

क्रेग ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेली नाबाद 206 रन की पारी

# इरविन ने 41 साल की उम्र में ठोका दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे के दिग्गज बल्लेबाज क्रेग इरविन ने कमाल कर दिया। वह 75 सालों में टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 206 रन बनाकर इतिहास रचा।

उनसे पहले 40 साल से अधिक उम्र के जिस पछिले खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया था, वह ग्राहम गूच थे। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने 1994 में यह कारनामा किया था। इरविन ने अफगान टीम के खलिाफ 279 गेंदों पर 206 रन बनाए, जिससे टीम का कुल स्कोर 523/5 तक पहुंच गया और सीरीज का पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।



### इरविन से आगे रोवन और हॉब्स

इरविन ओवरऑल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे और पछिले 75 सालों में पहले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। इस सूची में इरविन से आगे एरिक रोवन और जैक हॉब्स हैं। 1951 में हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए खेलते हुए रोवन ने 236 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 42 साल और 6 दिन थी। 1924 में लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड के लिए खेलते हुए हॉब्स ने 211 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 41 साल और 195 दिन थी। जब मैच शुरू हुआ, तब इरविन की उम्र 41 साल और 78 दिन थी और उन्होंने 41 साल और 82 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया। अपने-अपने मैचों की शुरुआत के समय वे हॉब्स से 117 दिन छोटे थे, इसलिए वे इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India

शाखाः टाटीबंध, रिंग रोड-2, रायपुर (छ.ग.)

परिशिष्ट–IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्युर्टी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित धारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है।

विशेष रुप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।

| अ. उधारकर्ता का नाम<br>ब. शाखा का नाम | संपत्तियों का विवरण | 1. मांग सूचना की तिथि<br>2. मांग सूचना राशि रु<br>3. कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| श्री शिवम श्रीवास्तव<br>पुत्र सुनील कुमार<br>शाखाः टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) | स्वामित्व- शिवम श्रीवास्तव, खसरा नंबर 74/8 का भाग, प.ह.नं. 49, गुड़ियारी, आरआईसी- रायपुर । क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि संपत्ति । | 03/07/2026<br>₹ 5,13,758.67<br>+ ब्याज<br>+ कानूनी व अन्य शुल्क<br>05/11/2026 |

दिनांकः 10.11.2026 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्र.: ई/35/एनएजी/2026-2027
कार्य का नाम: (1) ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में DKS-KWN सेक्शन के बीच साइड ड्रेन का निर्माण। (2) वरिष्ठ ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में DURG-BTL स्टेशनों के बीच साइड ड्रेन का निर्माण।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,95,03,353/-
बयाना राशि: ₹ 3,90,100/-

2. निविदा क्र.: ई/36/एनएजी/2026-2027
कार्य का नाम: (1) ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सेस (Cess) की मरम्मत का कार्य। (2) ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत DKS-KWN सेक्शन के बीच सेस (Cess) की मरम्मत कार्य में सुधार।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,94,99,417/-
बयाना राशि: ₹ 3,90,000/-

3. निविदा क्र.: ई/37/एनएजी/2026-2027
कार्य का नाम: (1) ADEN, नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट-कटंगी खंड में TRR(P) 15.412 Tkm और 30.2 Tkm। (2) ADEN, नैनपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नैनपुर-मंडला फोर्ट सेक्शन में TRR(P) - 23.404 Tkm और 18.896 Tkm।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 9,53,13,108/-
बयाना राशि: ₹ 19,06,300/-

उपरोक्त निविदा के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक 04.12.2026 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता - पूर्व,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

D360S/47-177

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




# रोबोट भी निकले कामचोर, दुकान में कचरा देखते ही नौकरी छोड़कर भागे!

**बीजिंग।** सोचिए, अगर रोबोट भी नौकरी में फेल हो जाए, सुस्ती दिखाए और काम छोड़कर भाग जाए तो? चीन में ठीक यही हुआ है। 6 ह्यूमनॉइड रोबोट को 24 घंटे के लिए एक दुकान में नौकरी पर रखा गया, लेकिन 2 रोबोट पहले ही दिन फेल हो गए. सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

### 2 रोबोट हुए फेल, प्रोबेशन में नहीं हुए पास

देखने में तो ये कमाल लग रहा था, लेकिन जब रिजल्ट आया तो कंपनी को भी झटका लगा। 6 में से सिर्फ 4 रोबोट ही पास हुए। 2 रोबोट अपनी ड्यूटी में फेल हो गए और उन्हें नौकरी नहीं मिली।

**सफाई वाला रोबोट भाग गया :** रात की शिफ्ट में सफाई वाले रोबोट को एक भरा हुआ कचरे का डिब्बा मिला। इसे देखकर रोबोट अपने रास्ते से भटक गया, दुकान से बाहर निकल गया और वापस अपनी जगह पर लौटा ही नहीं। मतलब, कचरा देखकर ही नौकरी छोड़कर भाग गया।





### शेल्फ वाला रोबोट निकला सुस्त

दूसरा रोबोट शेल्फ पर सामान चेक करने और भरने के लिए था। रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें पहल करने की कमी थी। ये सुस्ती दिखा रहा था और दुकान की स्पीड से सामान नहीं भर पा रहा था। मतलब, इंसानों की तरह निकला।

**ग्राहकों ने भी रोबोट के लिए मजे :** इस दौरान ग्राहकों ने रोबोट को जानबूझकर मुश्किल काम भी दिए। किसी ने नॉर्मल कोक और शुगर-फ्री कोक में फर्क बताने को कहा, किसी ने रास्ते में रुकावट डाल दी, तो किसी ने सामान उठाते वक्त डिब्बा हिला दिया।

**क्या रोबोट इंसानों की नौकरी खा लेंगे :** कंपनी ने माना कि इस टेस्ट से पता चला कि रोबोट अभी इंसानों की तरह हर काम नहीं कर सकते। 24 घंटे काम करने का दावा तो किया गया, लेकिन ये नहीं बताया गया कि बीच में रोबोट को चार्जिंग या इंसानी मदद लगी या नहीं। फिलहाल फेल हुए 2 रोबोट को ऑब्जर्वेशन ग्रुप में रखा गया है। कंपनी को उम्मीद है कि ये भी जल्द सुधरकर फुल-टाइम कर्मचारी बन जाएंगे।

### शंघाई की दुकान में 6 रोबोट की लगी ड्यूटी

ये मामला चीन के शंघाई के शुहुई इलाके का है। चीनी रोबोट कंपनी एजिबॉट ने अपने 6 जी-2 ह्यूमनॉइड रोबोट को एक असली कन्वीनियंस स्टोर में 24 घंटे की शिफ्ट पर लगाया. इस चैलेंज का नाम था- 'रोबोट कभी काम खत्म नहीं करते।' 2 नवंबर सुबह 10 बजे से 3 नवंबर सुबह 10 बजे तक ये लाइवस्ट्रीम हुआ। दुकान असली ग्राहकों के लिए खुली थी। रोबोट को दिन में 4 टाइम काम करना था। लंच का रश, शाम की भीड़, रात की ड्यूटी और सुबह का ब्रेकफास्ट रश। 24 घंटे में 6 रोबोट ने मिलकर कुल 1730 काम किए। इसमें उन्होंने 683 बार ग्राहकों को नमस्ते करके स्वागत किया, 369 बार सामान उठाकर दिया, 147 कॉफी बनाई, 126 हॉट-फूड ऑर्डर पूरे किए, 277 बार शेल्फ चेक करके सामान लगाया और 128 बार टेबल साफ की।

## रोचक खबरें

### बीकानेर में गजब का संयोग, एक ही कॉलेज में पति-पत्नी की 8 जोड़ियां

**बीकानेर।** पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल और आपसी समझ किसी भी रिश्ते की मजबूती का आधार होती है। लेकिन, जब जीवनसाथी घर के साथ-साथ कार्यस्थल पर भी साथ हो तो यह रिश्ता और खास बन जाता है। बीकानेर के संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय में कुछ ऐसा ही अनोखा नजारा देखने को मिलता है। यहां पढ़ाने वाले आठ ऐसे जोड़े हैं, जो आपस में पति-पत्नी हैं। ये सभी एक ही कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें चार जोड़े ऐसे हैं, जो एक ही विभाग में साथ बैठकर काम करते हैं। यानी कॉलेज में पढ़ाने से लेकर विभागीय जिम्मेदारियां निभाने और घर लौटने तक इनका साथ बना रहता है। ऐसे में इन जोड़ों के अनुभव भी खास हैं। इनका मानना है कि साथ काम करने से एक-दूसरे को समझने, सहयोग करने और बेहतर तालमेल बनाने में मदद मिलती है। जियोग्राफी विभाग में सह आचार्य डॉ. देवेश सहारण और उनकी पत्नी डॉ. श्वेता नेहरा भी इसी तरह का एक जोड़ा हैं। दोनों एक ही विभाग में कार्यरत हैं और पिछले 18 साल से साथ हैं। डॉ. श्वेता नेहरा बताती हैं कि उनके बीच बेहतर अंडरस्टैंडिंग है। वे प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों को अच्छे तरीके से संभाल रहे हैं। उनका मानना है कि युवाओं के रिश्तों में आपसी कोऑर्डिनेशन, म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग और धैर्य बहुत जरूरी है। आज की युवा पीढ़ी में धैर्य की कमी दिखाई देती है। कई बार किसी बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय शांत रहना चाहिए, क्योंकि कुछ चीजें समय के साथ अपने आप भी सुलझ जाती है।



### मुर्गियां खाते-खाते इतनी मोटी हो गई मादा बाज कि उड़ ही नहीं पाई

**न्यूयार्क।** सोचिए, अगर शिकारी पक्षी ही शिकार बन जाएवो भी खाने की वजह से। अमेरिका के वर्जीनिया में एक मादा बाज मुर्गियां खाते-खाते इतनी मोटी हो गई कि उड़ ही नहीं पाई। फिर डॉक्टरों ने जो कहा, वो जानकर आप भी हंस पड़ेंगे। ये मामला अमेरिका के वर्जीनिया के रौनोक का है। यहां एक घर के ड्राइववे में एक मादा लाल-कंधे वाला बाज जमीन पर पड़ी मिली। लोगों को लगा कि शायद इसको चोट लगी है या किसी ने हमला कर दिया है। लोग इसको लेकर साउथवेस्ट वर्जीनिया वाइल्डलाइफ सेंटर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने इसका पूरा चेकअप किया। सेंटर ने सोशल मीडिया पर बताया कि पहले उन्हें लगा कि बाज की हड्डी टूटी है, आंख में दिक्कत है, सिर में चोट लगी है या फिर लेड पॉइजनिंग हो गई है। लेकिन, सारी जांच नॉर्मल निकली। फिर जब बाज को तौला गया, तो सबकी आंखें फटी रह गईं। इस बाज का वजन 910 ग्राम निकला। डॉक्टरों ने कहा- ये तो उड़ने के लिए बहुत भारी है। मतलब ये उड़ने के लिए बहुत ज्यादा मोटी हो गई है। चर्बी की परत इतनी मोटी थी कि डॉक्टर इसकी छाती की हड्डी को भी छू नहीं पा रहे थे। आम तौर पर मादा लाल-कंधे वाला बाज का वजन इससे करीब आधा किलो कम होता है। इस बाज का नाम आरएसएचए 26-2599 रखा गया है।






### पढ़ाई छोड़कर 114 रुपए की दिहाड़ी करने वाली झोउ कुनफेई बनीं चीन की सबसे अमीर महिला

**बीजिंग।** स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़कर, एक वॉच ग्लास फैक्ट्री में 114 रुपए दिन की दिहाड़ी करने वाली महिला, आज चीन में सबसे अमीर है। उनका नाम झोउ कुनफेई है, जो 56 साल की हैं। आज के समय उनके पास कुल 1.81 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। उनके बढ़ते रुतबे की झलक 14 मई को तब देखने को मिली थी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा दिए गए स्टेट डिनर में उन्हें एप्पल के टिम कुक और टेस्ला के एलन मस्क के बीच बैठाया गया था। इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, 1970 में हुनान प्रांत में जन्मीं झोउ ने 23 साल की उम्र में अपना खुद का ग्लास प्रोसेसिंग वर्कशॉप खोला था। तब उन्होंने स्क्रीन-प्रिंटिंग व कर्व्ड-ग्लास बनाने की तकनीकें खुद सीखीं। आगे चलकर उन्होंने 'लेंस टेक्नोलॉजी' की नींव रखी। 2007 में जब एप्पल का पहला आईफोन आया, तो झोउ की कंपनी ही उसके ग्लास कवर की मुख्य सप्लायर थी। 2011 से 2014 के बीच कंपनी की लगभग आधी कमाई अकेले एप्पल से आ रही थी।

# भारत का एक ऐसा गांव, जहां किताबें पढ़ने पर मिलते हैं पैसे

**नई दिल्ली।** आज के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक, ज्यादातर लोगों का काफी समय मोबाइल फोन पर बीतता है। कोई सोशल मीडिया पर वीडियो देखता है, तो कोई गेम खेलने में लगा रहता है। ऐसे में किताबें पढ़ने की आदत धीरे-धीरे कम होती जा रही है। लेकिन भारत में एक ऐसा गांव भी है, जहां लोगों को किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और इसके लिए पैसे भी दिए जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां पर्यावरण को बचाने के लिए भी अनोखी पहल की गई है। प्लास्टिक कचरा जमा करने पर चीनी दी जाती है, जबकि पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने वालों को आर्थिक मदद देकर प्रोत्साहित किया जाता है।

दरअसल, हम जिस गांव के बारे में बात कर रहे हैं, उसका नाम रनसिंह कलां है। पंजाब के मोगा जिले का रनसिंह कलां गांव पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए अपनी खास पहल के कारण चर्चा में है। यहां लोगों में किताबें पढ़ने की आदत विकसित करने की कोशिश की जा रही है। गांव की लाइब्रेरी में करीब 1,000 किताबें मौजूद हैं, जिनकी मदद से लोग अपनी जानकारी बढ़ा सकते हैं और नई चीजें सीख सकते हैं। आजकल बहुत से बच्चे और युवा अपना खाली समय मोबाइल फोन पर बिताते हैं। ऐसे में उन्हें किताबों की ओर आकर्षित करना आसान नहीं होता।



### पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने वालों को भी प्रोत्साहन

गांव में पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने वालों को आर्थिक प्रोत्साहन देने की योजना भी चलाई गई। पेड़ लगाना पर्यावरण के लिए अच्छा कदम है, लेकिन केवल पौधा लगा देना ही काफी नहीं होता। उसकी रोज देखभाल करना और उसे बड़ा होने तक सुरक्षित रखना भी काफी ज्यादा जरूरी है। अक्सर पौधे लगाने के अभियान तो चलाए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद उनकी देखभाल नहीं हो पाती। ऐसे में अगर लोगों को पौधों की देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया जाए, तो उनके लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना बढ़ सकती है।

**प्लास्टिक कचरा देने पर मिलती है चीनी :** रनसिंह कलां गांव की खासियत केवल पढ़ाई तक ही सीमित नहीं है। यहां पर्यावरण को साफ रखने के लिए भी एक अनोखी पहल चलाई गई थी। गांव में प्लास्टिक कचरा जमा करके देने पर उसके बदले चीनी देने की व्यवस्था शुरू की गई। इसका उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक इधर-उधर फेंकने के बजाय उसे इकट्ठा करके जमा करने के लिए प्रेरित करना था। प्लास्टिक कचरा आज भारत के कई गांवों और शहरों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है।

### परीक्षा के जरिए देखा जाता है कि किताबों से क्या सीखा

इस गांव में लोगों को किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ यह भी देखा जाता है कि उन्होंने पढ़कर कुछ सीखा है या नहीं। इसके लिए साल के अंत में लिखित और मौखिक परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इन परीक्षाओं के जरिए लोगों की समझ और जानकारी का आकलन किया जाता है। जो लोग अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें सम्मानित किया जाता है। इस तरह पढ़ने वालों को अपनी मेहनत का इनाम भी मिलता है। ऐसी पहल बच्चों और युवाओं को नई जानकारी हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकती है। साथ ही, इससे किताबों को केवल परीक्षा पास करने का साधन मानने के बजाय ज्ञान बढ़ाने का जरिया समझने में मदद मिलती है। किताबें पढ़ने से शब्दों की जानकारी बढ़ती है, सोचने-समझने की क्षमता बेहतर होती है और दुनिया को देखने का नजरिया भी बदल सकता है।

# मेघालय की गुफा में मिला 6 हजार साल पुराना मानसून का रिकॉर्ड

**शिलांग।** मेघालय की प्रसिद्ध मावस्माई गुफा में मिली एक प्राकृतिक चूना-पत्थर संरचना (स्टैलेग्माइट) ने भारतीय मानसून के हजारों वर्षों पुराने रहस्यों से पर्दा उठाया है। वैज्ञानिकों ने इस स्टैलेग्माइट में संरक्षित लगभग 6,000 वर्षों के जलवायु रिकॉर्ड का अध्ययन कर पूर्वोत्तर भारत में मानसून की तीव्रता में आए बदलावों का पता लगाया है। शोध में यह भी सामने आया है कि मानसूनी पैटर्न केवल स्थानीय कारणों से नहीं, बल्कि वैश्विक जलवायु प्रणालियों और सूर्य की गतिविधियों से भी प्रभावित होते रहे हैं। यह अध्ययन मानसून के इतिहास को समझने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**आईआईटी खड़गपुर और आईआईएसईआर कोलकाता के वैज्ञानिकों का अध्ययन :** यह स्टडी आईआईटी खड़गपुर के याचना वर्मा और प्रोफेसर अनिल के. गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। शोध टीम में आईआईएसईआर कोलकाता के प्रसांता सान्याल के अलावा प्रियंतन गुप्ता, सोम दत्त, पंकज कुमार और अभिजीत मुखर्जी भी शामिल रहे। इस शोध में लगभग 11,807 वर्ष पहले से 5,622 वर्ष पहले तक भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून में हुए बदलावों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक जर्नल पुराभूगोल,पुराजलवायु विज्ञान, पुरापारिस्थितिकी में प्रकाशित हुआ है।



### मावस्माई गुफा से मिला अहम सबूत

शोध का आधार मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले में स्थित मावस्माई गुफा से प्राप्त एक स्टैलेग्माइट रहा। यह गुफा शिलांग से लगभग 60 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। वैज्ञानिकों ने 11 सेंटीमीटर लंबे स्टैलेग्माइट सैंपल का अध्ययन किया, जिसे गुफा के भीतर लगभग 300 मीटर अंदर स्थित एक कक्ष से एकत्र किया गया था। उस स्थान पर आर्द्रता 95 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई थी।

### अटलांटिक महासागर की घटनाओं से जुड़ाव

शोधकर्ताओं ने पाया कि मानसून में आए कई बदलाव उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु घटनाओं से मेल खाते हैं। इनमें बॉन्ड इवेंट 8, 7, 6, 5बी, 5ए और 4 शामिल हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन में होने वाले बदलावों का असर भारतीय मानसून पर भी पड़ सकता है। एएमओसी समुद्री धाराओं की एक महत्वपूर्ण प्रणाली है, जो अटलांटिक महासागर में ऊष्मा का परिवहन करती है।

### बाद के दौर में कमजोर पड़ने लगा मानसून

हालांकि 7,700 वर्ष पहले से 5,622 वर्ष पहले के बीच मानसूनी गतिविधियों में धीरे-धीरे कमजोरी आने लगी। इस अवधि में ऑक्सीजन आइसोटोप मान बढ़े हुए पाए गए, जो कम वर्षा और कमजोर मानसून का संकेत हैं। शोध में यह भी पाया गया कि मानसून की तीव्रता में सैकड़ों वर्षों के अंतराल पर कई बार उतार-चढ़ाव आए। इससे संकेत मिलता है कि पूर्वोत्तर भारत की जलवायु केवल स्थानीय परिस्थितियों से प्रभावित नहीं होती थी।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com